आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 148 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | अजमेर, रविवार, 19 अप्रैल, 2026 | www.Lokvarta.net

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण पर देश को संबोधित किया

# महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं -मोदी



## विपक्ष ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा, ‘इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, ‘मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।’ पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था।

### नारी अपमान नहीं भूलती

कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर चोट थी। नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी।

**महिलाओं के सपने को कुचला:** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया।

**विपक्ष ने खुशी से मेजें थपथपाई :** कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

**परिवारवादी पार्टियां डर गईं:** परिवारवादी पार्टियों के भीतर महिलाओं के लिए असुरक्षा की भावना है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी।

**विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है:** कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

**विपक्ष को पाप की सजा मिलेगी:** कल जिन लोगों ने बिल का विरोध किया है, उनसे मैं दो-टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को हल्के में ले रहे हैं। वे भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

**विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है:** कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

**हमारे साथ आजाद हुए देश हमसे आगे निकल गए:** हमारे साथ कई देश आजाद हुए। कई देश हमसे आगे निकल गए लेकिन कांग्रेस कई रिफॉर्म को रोककर बैठे रही। कांग्रेस ने पड़ोसी देशों के साथ पानी बंटवारे, सीमा विवाद को लटकाए रखा। कांग्रेस का हर छल-प्रपंच का खामियाजा देश ने भुगता है।

**कांग्रेस परिसीमन के बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहती है:** परिसीमन पर झूठ फैलाया कि कुछ राज्यों को नुकसान होगा। हमने स्पष्ट किया कि किसी राज्य का रिप्रेंजेंटशन कम नहीं होगा। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीमएसी जैसे दल मानने को तैयार नहीं हुए। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन के बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं।

**हम हारे नहीं हैं, बस वक्त का इंतजार:** हम महिला आरक्षण के रास्ते आने वाली हर रुकावट को हटाकर रहेंगे। हमारी हिम्मत अटूट है। बस वक्त का इंतजार है। कल हमारे पास संख्याबल नहीं था। इसका मतलब यह नहीं कि हम हार गए। हमारा प्रयास रुकेगा नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### होर्मुज से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर फायरिंग
#### ईरानी गनबोट्स ने चेतावनी भी नहीं दी

**वॉशिंगटन डीसी।** होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो भारतीय व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई। इसमें एक तेल जहाज भी था। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों भारतीय जहाज होर्मुज पार किए बिना लौट गए। जहाज और उसके क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। एक भारतीय जहाज लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था। घटना के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब किया। भारत ने फायरिंग पर विरोध दर्ज किया है। ईरान ने आज होर्मुज को बंद करने का ऐलान किया था। ईरान का आरोप था कि अमेरिका सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है इसलिए 24 घंटे के भीतर उसने फैसला बदल लिया।

### राहुल पर एफआईआर का अपना आदेश हाईकोर्ट जज ने बदला

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया। कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की है।यह याचिका कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने दायर की थी। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप लगाते हुए विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम आदि में केस दर्ज होने की मांग की है। कोर्ट का फैसला आने के बाद विग्नेश ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला वापस लेने की शिकायत हम सीजेआई से करेंगे।

### पटेला री पोल

ईरान अमेरिका में चल रहा, बड़ा अजब सा खेल
कभी बातचीत सफल हो जाती, फिर हो जाती फेल
ट्रंप की नियत में, सबको लगता है अब बड़ा खोट
कभी हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते, पर नियत उनकी चोट

..मुखिया जी

# देशभर में भीषण गर्मी का कहर

### यूपी का बांदा एशिया में सबसे गर्म, पारा 45.4 डिग्री पहुंचा

**एमपी-छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में 4 दिन लू का अलर्ट**



**नई दिल्ली।** देश के लगभग सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को तापमान 45.4 डिग्री दर्ज हुआ, जो इस सीजन में अब तक एशिया में सबसे ज्यादा तापमान है। दिलचस्प बात यह है कि एक हफ्ते पहले, यानी 9-10 अप्रैल को देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 12 डिग्री तापमान भी बांदा में ही दर्ज हुआ था।

इधर, आज से अगले 4 दिन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लू चलने की आशंका है। यूपी के 16 जिलों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा, जिससे हीटवेव यानी लू चली। प्रयागराज, वाराणसी समेत 50 शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। एमपी के 13 जिलों में स्कूलों का टाइम बदला गया है। छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा के बोलांगीर, सुबर्णपुर और कालाहांडी जिलों में 21 अप्रैल तक सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में शुक्रवार को बारिश ने थोड़ी राहत दी है। फिर भी इन राज्यों में पारा 40 डिग्री के ऊपर रहा।

**पूर्वोत्तर के 13 राज्यों में बारिश और 4 में बर्फबारी का अलर्ट** जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, बिहार, सिक्किम, बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बारिश का अलर्ट है।

बंगाल से लगे ओडिशा के कुछ जिलों में भी बारिश हो सकती है। इधर कर्नाटक के कुछ जिलों में ओले गिर सकते हैं। मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तटीय कर्नाटक के जिलों में भी बारिश होगी। जिससे मौसम उमस भरा हो जाएगा। शनिवार सुबह आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में मौसम अचानक बदल गया।

# राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

### सीटें बढ़ाना सत्ता में बने रहने की साजिश थी-प्रियंका



**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकार्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया गया। बाद में छोड़ दिया गया। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शनिवार को कहा, ‘कल लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी। दरअसल सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था।

**पीएम की स्पीच से हम चौंक गए:** पीएम ने कई बार अपने भाषण में कहा कि अगर आप इससे सहमत नहीं होंगे तो आप यहां नही बैठ सकते हैं। हम चौंके थे कि इनकी मंशा क्या थी। संविधान संशोधन बिल साजिश थी: मेरे ख्याल से पूरी साजिश जो रची गई वह इसलिए कि हमें सत्ता में रहना है। वह अभी नहीं किया जाएगा परिसीमन 2029 तक नहीं हो पाएगा। वह महिलाओं के नाम पर किया जा रहा था। ताकि उन्हें स्वतंत्रता मिल जाए सत्ता में बने रहने की।

**मसीहा नहीं बन सकते:** केंद्र सरकार ने सोचा बिल पारित हो जाएगा तो उनकी जीत होती। नहीं हुआ तो हम हर विपक्षी नेता को महिला विरोधी साबित करके महिलाओं के लिए मसीहा बन जाएंगे।

**मैं खुश हूं विपक्ष ने विरोध किया:** यह साफ है कि यह महिलाओं के लिए नहीं परिसीमन के लिए था। मैं खुश हूं कि विपक्ष ने उनका विरोध किया। ब्लैक डे उनके लिए है क्योंकि उन्हें धक्का लगा है कि यह हो कैसे गया।

## आरएएस में टॉपर बने दिनेश विश्नोई



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा-2024 में बाड़मेर के दिनेश विश्नोई ने टॉप किया है। पिछली परीक्षा में उन्होंने 57वीं रैंक हासिल की थी। फिलहाल आरपीएस की ट्रेनिंग कर रहे हैं। एग्जाम में दूसरी रैंक जैसलमेर के वीरेंद्र चारण ने हासिल की है। हेड कॉन्स्टेबल के बेटे वीरेंद्र वर्तमान में तहसीलदार हैं। रिजल्ट में पांचवीं रैंक वाले बीकानेर के विकास ने भर्ती के अगले प्रोसेस में जाने से इनकार कर दिया है। जोधपुर के भूपेंद्र सिंह की 9वीं रैंक आई। इनके बड़े भाई भी आरएएस अफसर हैं। उनकी भी 2009 में 9वीं ही रैंक आई थी। श्रीगंगानगर की शालू कस्वा (23) पहले ही प्रयास में आरएएस बन गई हैं। उनके पिता किसान हैं और मां हाउसवाइफ हैं। आयोग ने शनिवार सुबह कुल 2391 कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट जारी की है। इस परीक्षा के लिए 17 अप्रैल को इंटरव्यू खत्म हुए थे। आरएएस के रिजल्ट में इस बार बॉर्डर के इलाके वाले कैंडिडेट्स ने बाजी मारी है। इसमें एक बाड़मेर, दो-दो बालोतरा और बीकानेर से हैं। जबकि जैसलमेर, अनूपगढ़ से एक-एक कैंडिडेट का सिलेक्शन हुआ है। वहीं, सबसे ज्यादा तीन-तीन कैंडिडेट्स का सिलेक्शन जयपुर और जोधपुर से हुआ है। प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य इलाके डूंगरपुर और प्रतापगढ़ से भी एक-एक कैंडिडेट्स सिलेक्ट हुए हैं।

# पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

### करीब 11 घंटे बंद रहा रनवे, 91 फ्लाइट्स कैंसिल हुई



**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि ध्वस्त के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था।

हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका।

आईएएफ ने एक्स पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रनवे की मरम्मत के बाद उसे फ्लाइट्स के लिए फिट घोषित कर दिया गया। दिन भर में ऑपरेशन सामान्य हो जाएगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर के मुताबिक रनवे बंद रहने के दौरान 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। जबकि 12 फ्लाइट्स को डाइवर्ट कर दिया गया। इनमें इंडिगो की 65, एअर इंडिया की 6, स्पाइसजेट की 5, अकासा एयर की 5, एअर इंडिया एक्सप्रेस की 10 फ्लाइट्स शामिल थीं।

**वायुसेना के विमान का लैंडिंग गियर खराब हुआ था** न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों के बताया कि शुक्रवार रात लगभग 22:25 बजे लड़ाकू विमान लैंडिंग करने वाला था। इस दौरान उसका ‘अंडरकैरेज’ (लैंडिंग गियर यानी पहियों के नीचे का हिस्सा) खराब हो गया था, जिसके कारण वह रनवे पर टकरा गया। इससे रनवे ब्लॉक हो गया था।

### एआई से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी

# टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती-सीजेआई



**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे एआई से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें। यह बयान उन्होंने ‘रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे। सीजेआई ने कहा कि जैसे जज जटिल मामलों में ज्यादा समय, सोच और धैर्य लगाते हैं, वैसे ही एआई टूल्स का इस्तेमाल भी समझदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से उपयोग करने पर ये टूल्स मदद करेंगे।

# भीलवाड़ा में सड़कों का कायाकल्प: विधायक कोठारी की पहल पर गड्ढा मुक्त शहर के लिए अतिरिक्त बजट स्वीकृत

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधायक अशोक कुमार कोठारी की पहल पर नगर विकास न्यास (ह्वज्ञ) ने सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया है। इस निर्णय से लंबे समय से जर्जर सड़कों से जूझ रहे नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। न्यास अध्यक्ष जसमीत सिंह संधू और सचिव ललित गोयल द्वारा लिए गए इस फैसले के तहत शहर की प्रमुख सड़कों का व्यापक सुधार किया जाएगा। बढ़ते यातायात दबाव और बरसात के दौरान बिगड़ती सड़कों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। यूआईटी ने कार्य को प्रभावी बनाने के लिए शहर को चार हिस्सों में विभाजित किया है, जिससे हर क्षेत्र में तेजी से काम हो सके और मॉनिटरिंग भी आसान रहे। इस बार बार-बार होने वाली टेंडर प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए नया तरीका अपनाया गया है, जिससे कार्य शीघ्र और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जा सकेंगे। विधायक अशोक कुमार कोठारी ने पांसल चौराहे से 100 फीट रोड (सुखाड़िया सर्किल) तक चल रहे निर्माण कार्य, शिवम कॉलोनी के पास अधूरे एकतरफा मार्ग और रेलवे अंडरब्रिज के पास खाली पड़ी जगह का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए उन्होंने न सिर्फ विभागीय स्तर पर बल्कि विधानसभा में भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।



# रात्रि चौपाल में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रात्रि चौपालों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार रात्रि को डूंगला पंचायत समिति की पालोद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर प्रशासन की जवाबदेही एवं तत्परता का परिचय दिया। चौपाल के दौरान आयोजित जनसुनवाई में 50 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, विद्यालयों में पुस्तकालय (लाइब्रेरी) सुविधा का अभाव, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समस्याएं तथा विभिन्न राजस्व प्रकरण शामिल रहे। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को विशेष रूप से निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जिन मामलों में मौके पर समाधान संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए।



## भाजपा जिलाध्यक्ष सुनीता माहेश्वरी नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित बिल के गिरने पर गहरा खेद व्यक्त किया

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** नागौर देहात (डीडवाना-कुचामन) भाजपा जिलाध्यक्ष सुनीता माहेश्वरी छोटीखाटू आने पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित बिल के गिरने पर गहरा खेद व्यक्त करते हुए इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम बताया है। जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के अधिकार, सम्मान और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृ शक्ति को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी दिलाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है, जो महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महत्वपूर्ण विधेयक का लोकसभा में गिरना न केवल महिलाओं की आकांक्षाओं को आघात पहुंचाता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भी चिंता उत्पन्न करता है। कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष द्वारा इस बिल को गिराना उनकी महिला - विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन रहा है कि महिलाएं केवल लाभार्थी न रहें, बल्कि सरकार के नीति निर्माण में भी सक्रिय भागीदार बनें।



# हमीरगढ़ दौरे पर महिला आरक्षण को लेकर किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जागरुक

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहाड़ा महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय ने हमीरगढ़ क्षेत्र का दौरा करते हुए महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर आमजन को गुमराह करने का प्रयास कर रही है और केवल राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से बिल पास करवाने की जुगत में लगी हुई थी। ज्योति उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का महिला सशक्तिकरण को लेकर स्पष्ट विजन रहा है। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार पूर्व में लंबित महिला आरक्षण बिल को संसद में लाती है तो कांग्रेस पार्टी उसे खुला समर्थन देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर राजनीति नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें वास्तविक अधिकार और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और भागीदारी के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है। दौरे के दौरान ज्योति उपाध्याय ने क्षेत्र की महिलाओं से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी समय में महिला कांग्रेस को गांव-गांव तक सक्रिय करने का आह्वान किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिला पदाधिकारी मौजूद रहे।



**भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज**

# डाक बंगला से निकलेगी शोभायात्रा विप्र छात्रावास पर होगा समापन

**मदनगंज-किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर रविवार को समस्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा प्रात: 8 बजे डाक बंगला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जयपुर रोड स्थित विप्र छात्रावास पहुंचेगी। यहां काचरिया पीठ के पीठाचार्य जयकृष्ण देवाचार्य के सानिध्य में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा का परशुराम सर्किल पर विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा। समिति के संयोजक वेदप्रकाश दाधीच ने बताया कि शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए विभिन्न घटक समाजों के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसके अंतर्गत खंडेलवाल, दाधीच, गोड़, गुर्जर गोड़, पालीवाल, पंच गोड़, ओदीच्य, हरियाणा गोड़, पारीक, सिखवाल, शाक्यद्वीप, पुष्करणा, पाराशर, सारस्वत एवं सनाढ्य समाज के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की गई हैं। समिति के सूर्यप्रकाश शर्मा के अनुसार शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां मुख्य केंद्र रहेंगी। इनमें शिव-पार्वती, राम दरबार, राधा-कृष्ण एवं भगवान परशुराम की जीवंत प्रस्तुतियां शामिल होंगी। साथ ही भजन मंडलियां, बाहुबली हनुमान के प्रदर्शन तथा गोरिल्ला व भालू की झलकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जय परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट, ढोल-नगाड़े, शहनाई एवं बैंड-बाजों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। युवा वर्ग द्वारा वाहन रैली निकाली जाएगी, वहीं महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। आयोजन के दौरान शहर के विभिन्न समाजों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

**मारवाड़ मूंडवा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर से नागौर रोड पर स्थित फैक्ट्री में शनिवार को अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मौके पर मौजूद कंपनी प्रबंधन ने दमकल कर्मियों को फैक्ट्री के अंदर आगे बढ़ने से रोक दिया तथा केवल दमकलों से पानी सप्लाई चालू रखने को कहा। कंपनी द्वारा ऑटोमेटिक सिस्टम के माध्यम से आग पर काबू पाने की बात कही गई। सूत्रों के अनुसार आग केमिकल सेक्शन में लगने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि इस संबंध में कंपनी अधिकारियों ने कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सुरक्षा के मद्देनजर कंपनी परिसर के आसपास किसी भी बाहरी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं दी गई। मौके पर केवल कंपनी के कार्मिक और सुरक्षाकर्मी ही मौजूद रहे।

## जहाजपुर उप जिला चिकित्सालय में 6 साल बाद ऑपरेशन थिएटर शुरू

**दो मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन**



**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उप जिला चिकित्सालय जहाजपुर में वर्ष 2018 से बंद पड़ा ऑपरेशन थिएटर आखिरकार शनिवार, 18 अप्रैल को पुन: शुरू कर दिया गया। गायनिक डॉक्टर बिंदु गुप्ता के स्थानांतरण और सर्जन व एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की कमी के चलते यह ऑपरेशन थिएटर पिछले 6 वर्षों से बंद था। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप मीना के आने के बाद चिकित्सालय में फिर से ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद जगी, जो अब हकीकत में बदल गई है। शनिवार को डॉ. मीना ने एक महिला और एक पुरुष मरीज की आंखों का सफल ऑपरेशन किया। डॉ. दिलीप मीना ने बताया कि चिकित्सालय प्रशासन और स्टाफ के सहयोग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मरीजों को इसी तरह बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलती रहेंगी। इस दौरान सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ दिनेश रेगर, नर्सिंग ऑफिसर अर्जन मीना, महेन्द्र मीना, रविन्द्र मीना, रवि मीना सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी के सहयोग से दोनों मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

### मारोठ पुलिस की कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में रोष: आरोपियो

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** मारोठ थाना क्षेत्र के भीवपुरा गांव के पास हुए जानलेवा हमले के मामले में 14 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पुलिस प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 अप्रैल तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो नावा उपखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना और प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।ज्ञापन के अनुसार, घटना 4 अप्रैल की रात करीब 9:15 बजे की है। भीवपुरा निवासी शिशपाल और रामकुमार अपने निजी वाहन से घर लौट रहे थे, तभी भीवपुरा निवासी राजेंद्र लुहाच, हरेंद्र कुमार, राकेश और गजेंद्र सहित अन्य लोगों ने हथियारों से लैस होकर उनका रास्ता रोक लिया।

**मुख्य परीक्षा में किशनगढ़ के हरियश राजपुरोहित का शानदार प्रदर्शन**

# मेरिट सूची में 17वां स्थान, क्षेत्र में खुशी की लहर

**मदनगंज-किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के परिणामों में किशनगढ़ क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवक हरियश राजपुरोहित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप 20 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची में 17वां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। हरियश राजपुरोहित, स्थानीय ग्रेनाइट व्यवसायी रामभरोसे सिंह राजपुरोहित के सुपुत्र हैं तथा मूल रूप से रूपनगढ़ क्षेत्र के उज्जोली गांव के निवासी हैं। वर्तमान में वे मदनगंज-किशनगढ़ के इंद्रा नगर में निवास कर रहे हैं। उनकी इस सफलता से परिवार सहित गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। उनकी सफलता में माता अरुणा कंवर का विशेष योगदान बताया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। परिणाम घोषित होने के बाद किशनगढ़ स्थित उनके निवास पर बड़ी संख्या में शुभचिंतक पहुंचे और उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**पहले ही प्रयास में बने थे कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर**

विशेष उल्लेखनीय है कि हरियश राजपुरोहित वर्तमान में जयपुर में कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में अपने पहले ही प्रयास में इस पद पर चयन प्राप्त किया था। इसके बाद दूसरे प्रयास में मुख्य परीक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए 17वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# न्यूज विंडो

## अक्षय तृतीया से पहले बड़ी कार्रवाई: 100 फीट रोड पर 2 बाल विवाह रुकवाए, बालक-बालिका को सुरक्षित आश्रय

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बाल अधिकारिता विभाग और जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने समय रहते बड़ा कदम उठाया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 100 फीट रोड, देवनारायण सर्किल के पास दो बाल विवाह रुकवाए गए। कार्रवाई के दौरान एक बालक और एक बालिका को मौके से सुरक्षित निकाला गया। दोनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां से बालिका को सखी सेंटर और बालक को एवरेस्ट शेल्टर में आश्रय दिलाया गया। वहीं संबंधित परिवार को उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर कानूनी रूप से पाबंद किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशन में किया गया, जिसमें चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला पुरोहित और गांधी नगर थाना पुलिस की अहम भूमिका रही। विभाग ने अपील की है कि अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए आमजन जागरूक रहें और ऐसी किसी भी सूचना को तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

## किसान के बेटे ने रचा इतिहास: पहले एसएससी, फिर पटवारी-विडीओ और अब आरएएस में मारी बाजी



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** अक्सर कहा जाता है कि अगर हौसले बुलंद हों और इरादे नेक, तो सुविधाओं की कमी कभी आड़े नहीं आती। इस बात को सच कर दिखाया है डीडवाना जिले के छोटे से गांव जोड़ी का बास (नूवा) के राजेंद्र रणवा ने। राजेंद्र ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (आरएएस) में पूरे प्रदेश में 38वीं रैंक हासिल कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है।राजेंद्र रणवा की सफलता का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। उनकी मेहनत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने एक साथ कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की:राजेंद्र की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का कड़ा संघर्ष और संस्कार हैं। उनके पिता मोहन राम रणवा एक साधारण किसान हैं। राजेंद्र अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय दादा लक्ष्मण राम रणवा के दिखाए मार्ग और अपने परिवार के अटूट विश्वास को देते हैं। परिणाम की सूचना मिलते ही गांव जोड़ी का बास में दिवाली जैसा माहौल हो गया। राजेंद्र की माता और पत्नी ने गांव-ढाणी में मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की। ग्रामीणों का कहना है कि राजेंद्र की यह सफलता क्षेत्र के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों में बड़े सपने देखते हैं।

## तेज रफ्तार कार मकान की दीवार से टकराई, मची अफरा-तफरी; चालक फरार



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र झालरा बास में शनिवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार अचानक एक मकान की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जोरदार धमाके की आवाज सुनकर पूरे मोहल्ले के लोग दहशत में आ गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक निजी कार अत्यधिक गति में आई और अचानक अनियंत्रित होकर सीधे एक मकान के दरवाजे को निशाना बनाते हुए दीवार से जा भिड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर कार टकराई, वहां आमतौर पर आवाजाही रहती है, लेकिन हादसे के वक्त वहां कोई खड़ा नहीं था। कार के रुकने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया, अन्यथा जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था।हादसे के तुरंत बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**मानसरोवर झील घोटाला बेनकाब में रिपोर्ट पेश**

## 116 बीघा से घटाकर 52 बीघा दिखाने का खुलासा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मानसरोवर झील संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ह्वत्रञ्ज) की सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल में विचाराधीन वाद (ओ.ए. नं. 15/2026) में 16 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। यह याचिका पब्लिक पावर एंड अवेयरनेस सोसायटी, भीलवाड़ा के माध्यम से दायर की गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता मंगलपुरा निवासी गोटू सिंह ने झील से जुड़े पर्यावरणीय और कानूनी मुद्दे उठाए थे। पूर्व में एनजीटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त समिति का गठन किया था। समिति की रिपोर्ट के अनुसार मानसरोवर झील का मूल क्षेत्रफल लगभग 116 बीघा था, जिसे घटाकर 52 बीघा दर्शाया गया, जबकि शेष 64 बीघा भूमि को नगर विकास न्यास द्वारा आवासीय एवं अन्य उपयोगों के लिए आवंटित कर दिया गया। इस पर एनजीटी ने संबंधित विभागों से स्पष्ट जवाब मांगा है कि झील की प्रकृति में बदलाव किस प्राधिकरण की अनुमति से और कब किया गया। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि झील में नालों के माध्यम से बिना उपचारित सीवरेज का प्रवाह हो रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इस पर एनजीटी ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि वह अब तक की गई कार्रवाई, दोषियों के विरुद्ध उठाए गए कदम तथा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली को लेकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके अलावा झील में पिस्टिया (जलकुंभी) की अत्यधिक वृद्धि भी एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आई है। विशेषज्ञों की राय के आधार पर जैविक और रासायनिक उपायों को अनुपयुक्त मानते हुए मैन्युअल सफाई को सबसे प्रभावी समाधान माना गया है। वर्तमान में सफाई कार्य जारी है और आगामी तीन वर्षों तक नियमित मॉनिटरिंग एवं रखरखाव की योजना बनाई गई है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक – प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक – वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय –902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

# महिला आरक्षण का झूठा ढोल : डॉ प्रभा ठाकुर

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ प्रभा ठाकुर ने आरोप लगाया है कि 2023 के बाद एक बार फिर भा.ज.पा. ने महिला आरक्षण का झूठा ढोल बजाकर देश की महिलाओं के विश्वास को ठगा है। पुरानी कहावत है कि गरजने वाले बादल बरसते नहीं। यह कहावत पूरी तरह लागू होती है भाजपा के दोहरे चरित्र पर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मन में महिलाओं के सशक्तीकरण की भावना थी, तो उन्होंने बिना ढोल बजाये ही आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़ी नारी जाति को पंचायतों, नगर निगमों, परिषदों एवं निकायों में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देकर देश के विकास संबंधी निर्णयों में महिलाओं की भूमिका को महत्त्व दिया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के इस महत्त्वपूर्ण योगदान का ढोल बजाकर इसका बार बार क्रेडिट लेने का भी प्रयास नहीं किया बल्कि मनमोहन सिंह जी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के समय सोनिया गांधी जी ने राजीव गांधी जी की इस बहुमूल्य देन को संपूर्ण करने का निर्णय किया। मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या कम थी तो महिला आरक्षण विधेयक को राज्यसभा में पारित करा दिया। कानून के अनुसार राज्यसभा में पारित विधेयक खारिज नहीं होता, वह



संसद की पूँजी के रूप में सुरक्षित रहता है। केन्द्र की भाजपा सरकार की अगर सचमुच महिलाओं को आरक्षण देने की नीयत होती, तो इतना दिखावा करने की बजाय, 2008-10 में राज्यसभा में पारित विधेयक को लोकसभा में लाती, लोकसभा में भाजपा का बहुमत है, यह विधेयक आसानी से पारित होकर कानून बन जाता। न तो दुबारा इस लंबी प्रक्रिया की आवश्यकता थी, न दुबारा इसे राज्यसभा में पारित कराने की जरूरत थी। नारी जाति को आरक्षण का लालीपोप दिखाने की बजाय, यदि सचमुच बी.जे.पी. की नीयत महिलाओं को पंचायतों और नगर परिषदों की भाँति विधानसभा और लोकसभा में भी 33 प्रतिशत सीटें देने की होती, तो वे इसे परिसीमन के साथ नहीं लपेटते। केवल महिला आरक्षण विधेयक को प्रस्तुत करते, और बी.जे.पी. के केन्द्र सरकार जैसे अपने महत्त्व के अन्य सभी विधेयक पास कराके कानून बना देती है

## गर्मियों में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए प्रशासन ने जाने जमीनी हालात,जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बूबानिया व नांदला में किया निरीक्षण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देश पर गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु के नेतृत्व में शनिवार को जिले में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला कलक्टर सहित सभी उपखण्ड अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में हैण्डपम्पों, पाइपलाइन, परियोजना एवं जेजेएम के कार्यों का निरीक्षण किया। जहां कमियां पाई गईं, वहां उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर लोक बंधु ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं आमजन को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने के व्यापक उद्देश्य से हैंड पंपों की मरम्मत तथा पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में पानी की निर्बाध आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं इसी को ध्यान में रखते हुए सभी पीएचईडी कार्यालयों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपखण्ड व विकास अधिकारियों ने अपने क्षेत्राधिकार में लीकेज मरम्मत एवं हैंड पंपों की मरम्मत का निरीक्षण किया। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि पूर्ण हो चुके ग्रीष्मकालीन आकस्मिक कार्यों तथा पूर्ण हो चुकी जेजेएम योजनाओं का सत्यापन लाभार्थियों को मिली वास्तविक राहत को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पेयजल सुगमता से पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। कार्य पूर्ण होने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण एवं मरम्मत कार्य की विस्तृत फोटो संकलित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सघन निरीक्षण में मुख्य रूप से हैंडपंप, पाइपलाइन लीकेज, पूर्ण हो चुके ग्रीष्मकालीन आकस्मिक कार्यों एवं पूर्ण हो चुकी जेजेएम योजनाओं सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया गया हैं। इसके अतिरिक्त अमृत 2 का एक प्रगतिरत कार्य भी इस विशेष अभियान में शामिल किया गया हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी अथवा आवश्यक मरम्मत को उसी दिन बिना विलंब के तुरंत पूरा किया जाएगा ताकि जल संकट उत्पन्न ना हो। सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## श्याम सेवा संस्था के सदस्यों ने शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में परिक्रमा कर स्वामी प्रखर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्याम सेवा संस्था अजमेर के सदस्यों ने तीर्थराज पुष्कर में चल रहे शत (100) गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में महायज्ञ शाला की परिक्रमा कर यज्ञ सम्राट स्वामी प्रखर जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया श्याम सेवा संस्था के सदस्य शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि विश्वव्यापी आतंकवाद के दमन एवं विश्व शांति हेतु परम पूज्य अनंत विभूषित स्वामी प्रखर जी महाराज के सानिध्य में कलयुग में प्रथम बार तीर्थराज पुष्कर में 2000 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 200 कुंडीय विराट यज्ञशाला में यह महायज्ञ चल रहा है जो 8 मार्च से प्रारंभ हुआ था तथा 19 अप्रैल को पूर्ण आहुति होगी इस महायज्ञ शाला में देश के अनेक प्रांतों से हजारों श्रद्धालु आकर परिक्रमा कर व यज्ञ सम्राट प्रखर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य हो रहे हैं ।

## सोलह खंभा शौचालय के वेटिंग हॉल को खोलने की मांग, अवमानना याचिकाकर्ताओं ने नाजिम व निगम आयुक्त को लिखा पत्र

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के क्ष (सोलहखम्बा) सार्वजनिक शौचालय के वेटिंग हॉल को लेकर विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं ने दरगाह नाजिम और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर वेटिंग हॉल को आम जायरीन के लिए खोलने की मांग की है। पत्र लिखने वालों में सैयद फखर काजमी चिश्ती, अनवर अली, सैयद बाबर हुसैन चिश्ती, अब्दुल नईम और गुलाम मुस्तफा शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि वेटिंग हॉल का निर्माण जायरीन की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन वर्तमान में इसके मुख्य द्वार पर शटर लगाकर बाहर दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जिससे इसका उपयोग व्यावसायिक रूप में हो रहा है। याचिकाकर्ताओं ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस मामले में पहले भी न्यायालय द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन उनकी पालना नहीं होने के कारण अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी। उन्होंने इसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में यह भी कहा गया है कि वेटिंग हॉल को शौचालय परिसर से जोड़कर आम जायरीन के उपयोग के लिए खोला जाना चाहिए, ताकि दरगाह क्षेत्र में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इस पूरे मामले में निगम आयुक्त को 28, अप्रैल को न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत करना है

## अजमेर व्यापारिक महासंघ ने चाईनीज मांझे का प्रयोग करने वालो पर सख्त कार्यवाही की मांग की

### मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से की मांग

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने चाईनीज मांझे का प्रयोग करने वालो पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।महासंघ के मुख्य संरक्षक कालीचरणदास खण्डेलवाल और संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने राजस्थान के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मांग की है कि चाईनीज मांझे का प्रयोग करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाये।महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि चाइनीज मांझे से बीकानेर में बच्चे का गला कट गया, बताया जा रहा है कि बच्चा पिता के साथ बाइक पर शॉपिंग करने बाजार जा रहा था।चाइनीज मांझे से गला कटने के कारण 8 साल के बच्चे की मौत हो गई।मांझे से बच्चे की श्वांस नली तक कट चुकी थी।घटना शुक्रवार दोपहर देशनोक ओवरब्रिज पर चढ़ते समय की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार उदासर गांव निवासी किशनलाल अपने बेटे विराट (8), पत्नी और बेटी को बाइक से ले जा रहा था।विराट बाइक पर आगे बैठा हुआ था।परिवार में शादी होने के कारण सभी लोग खरीदारी के लिए निकले थे।अचानक चाइनीज मांझा विराट की गले



में उलझ गया।मांझे से बच्चे के गले पर गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान हो गया। अचानक बेटे के खून आता देख पिता घबरा गए और उसे देशनोक अस्पताल ले गए।

यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजमेर व्यापारिक महासंघ व जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमल सिह डेरा ब्यास अमृतसर सन्तमत विचारक रमेश लालवानी,सरदार बलबीर सिंह,मती हरजीत कौर,मती कुशाल जैन,एडवोकेट वाहेदा चिश्ति,के..एल डेविड,महन्त टहलगिरी गोस्वामी,राजेन्द्र मूरजानी,महेन्द्र वैष्णव,बौद्व मठ की मती सोनी गुणवन्त राहुल, मती सुनीता चैधरी,मति अनिता,तिब्बतियन छो गियाल्तसेन,दादा भगवान विचारक रणवीर सैनी, ओशो विचारक नरेश रतनानी,गोविन्द लालवानी एवं अन्य ने चाइनीज मांझे का उपयोग करने वालो पर सख्त कार्यवाही की मांग की हैं।

## वैसाख चण्ड पर सिन्धी समाज द्वारा झूलेलाल साहिब का दरबारो व परिवारो में पंजडे आरती से महापूजन

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सन्त स्वामी प्रकाश उदासी ने वैसाख माह के चण्ड उत्सव पर सिन्धी समाज के श्रद्धालुओ ने दरबारों और अपने परिवारो में झूलेलाल साहिब का पूजन शनिवार को पवित्र ज्योति और जल से किया गया।पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि गुरू ग्रंथ साहिब व सुखमनी साहिब का पाठ बाबा हरदयाल कुटिया में सन्त स्वामीप्रकाश उदासी के माध्यम से समपन्न करवाया गया।दरबार साहिब दु:ख भंजनी हालाणी दरबार में गीत पंजडे,पल्लव प्रार्थना,पवित्र ज्योति प्रज्जवलन करके पूजन किया गया।पूज्य झूलेलाल साहिब के वैसाख चण्ड महोत्सव सिन्धी समाज की दरबारो मन्दिरो और परिवारो मे भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बाबा हरदयाल कुटिया के रागी जत्थे के सन्त प्रकाश उदासी के नेतृत्व में शनिवार को बडे ही धूम धाम से मनाया गया।पूज्य झूलेलाल अम्मा लालवारी मंदिर सिन्धु वाडी दरबार के हिम्मत सिंह दरबार के पास दरबार के भगत बहिराणे की सवारी के भिश्ति नारी भोजवानी सिन्धी समाज के प्रमुख सन्त प्रकाश उदासी ने बताया कि चण्ड महोत्सव पर श्रद्धालुओ ने झूलेलाल साहिब के जीवन पर सत्संग का श्रवण किया।पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संरक्षक महन्त टहलगिरी गोस्वामी और संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि चण्ड उत्सव धार्मिक रीति रिवाजों और विधिवत तरीके से बाबा हरदयाल कुटिया में गुरू ग्रंथ साहिब में जपुजी साहिब का पाठ और सुखमनी साहिब के पाठ नित नेम से प्रात: काल से ही किया गया।अखो, आरती, सेसा,कणाव प्रसाद,जल ,ज्योति पूजन, ज्योत प्रज्जवलन,पल्लव प्रार्थना सहित अन्य कार्यक्रम सम्पन्न करवाये गये।

## राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू, व्यापारियों को मिलेगा वित्तीय संबल

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा व्यापार एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी -2025' लागू कर दी गई है। यह नीति 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। इसके अंतर्गत सूक्ष्म, रिटेल एवं होलसेल व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे राज्य में व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबन्धक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 के तहत एक करोड़ रूपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत एवं एक करोड़ से 2 करोड़ तक के ऋण पर 4 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया है। साथ ही एससी, एसटी, महिला एवं दिव्यांग उद्यमियों को एक से 2 करोड़ तक के ऋण पर अतिरिक्त एक प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा 5 करोड़ रूपये तक के ऋण पर सीजीटीएमएसई गारंटी फीस का 50 प्रतिशत (अधिकतम एक लाख रूपये प्रतिवर्ष) तथा ई-कॉमर्स प्लेफॉर्म फीस का 75 प्रतिशत (अधिकतम 50 हजार रूपये) वापस देने का प्रावधान किया गया है। महाप्रबन्धक ने बताया कि नीति में प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग सहयोग के माध्यम से रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। पॉलिसी के तहत प्रशिक्षण और उद्योग सहयोग के जरिए रोजगार सृजन पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल से शुरू हो चुके है। आवेदन एसएसओ आईडी अथवा ई-मित्र के माध्यम से भरा जा सकता है। यह नीति राज्य में निवेश बढ़ाने, नए व्यापार स्थापित करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को करेंगे एचआरआरएल रिफाइनरी पचपदरा का लोकार्पण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एचआरआरएल रिफाइनरी पचपदरा, जिला बालोतरा का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जाएगा। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिला स्तर पर इस लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंगलवार, 21 अप्रैल को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, तबीजी में लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुचारु प्रसारण के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर मती वन्दना खोरवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, तबीजी के निदेशक डॉ. विनय भारद्वाज तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### सर्वेश्वर मित्र मंडल की मासिक बैठक आज

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की अप्रैल माह की मासिक बैठक 19 अप्रैल रविवार को सांय 5:00 बजे से संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में गौड़ ब्राम्हण सभा भवन, (रेल्वे सरक्युलर रोड़) अजमेर में आयोजित की गयी है ।

## हम जैन हैं और नवकार हमारा महामंत्र है जॉयस जैन लेडीज क्लब अजमेर द्वारा विश्व नवकार दिवस पर आयोजित नवकार मंत्र गायन प्रतियोगिता

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** बिजयनगर, भीलवाड़ा, ब्यावर, किशनगढ़, सोजत एवं नीमच गयाबिहार से ऑन लाइन प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया सभी के इस अद्भुत उत्साह के लिए दिल से अभिनंदन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्णय के लिए सभी प्रविष्टियां हमारी प्रतिष्ठित निर्णायकगण मती सोनू माथुर संगीत शिक्षिका, मती काव्या संगीत शिक्षिका, कला अंकुर अकादमी जिन्होंने पूर्ण निष्ठा एवं गहराई से मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया दिव्य स्वर विजेता प्रथम स्थान सोना भंडारी अजमेर द्वितीय स्थान अनीशा जैन गया बिहार तृतीय स्थान सपना जैन अजमेर 10 सांत्वना पुरस्कार विजेता रूपल जैन, दीवा, डिंपल कोठारी ,मीना जैन, दीपिका कुमठ, नीलम सुराना, कल्पना जैन ,काशिश जैन, नीतू मेहता ,संगीता कावड़िया, हर प्रतिभागी ने भक्ति, भावना और समर्पण का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया जॉयस जैन लेडीज क्लब की अध्यक्ष मोंटू कर्णावट ने बताया कि यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं नवकार मंत्र की गूंज थी, जिसने हर हृदय को भक्ति से भर दिया!

आज की भागीदारी ही कल की सफलता की शुरुआत है क्लब की सदस्या आशिता जैन ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया एवं सभी ने इस आयोजन को सफल ही नहीं, बल्कि अविस्मरणीय बना दिया ग्रुप की सदस्या मीनल खासगीवाल ने बताया कि जैन लेडीज क्लब होने के कारण ग्रुप कि महिला सदस्या द्वारा सामाजिक धार्मिक सेवा के कई कार्य किए जाते हैं इस कार्यक्रम को समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रोत्साहन दिया जिसमें डॉ राजकुमार खासगीवाल राजेश जैन संदीप दोषी प्रमोद चोपड़ा मुकेश कर्णावत कमल गंगवाल प्रदीप पाटनी राजेश बोहरा आकांक्षा जैन नीतू कांकरिया एकता बोहरा प्रमुख थे

## दरगाह क्षेत्र में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त,नोटिस के बाद दरगाह कमेटी ने खुद शुरू की तोड़फोड



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के निकट स्थित सोलह खंभा शौचालय परिसर में कथित अवैध निर्माण को लेकर दायर अवमानना याचिका पर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। 08 अप्रैल को ष्ठ.क्र ष्द्ध1द्बद्य ष्टशठ्ठह्लद्गद्वश्चह्ल क्कद्गह्लद्बह्लद्बशठ्ठ ह्श. 1301/2023 में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति इंदरजीत सिंह एवं न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने नगर निगम, अजमेर के आयुक्त को निर्देश दिया कि वे शपथ-पत्र प्रस्तुत कर यह स्पष्ट करें कि स्वीकृत नक्शे के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई है। मामले में याचिकाकर्ता सैयद फखर काजमी चिश्ती, सैयद बाबर हुसैन चिश्ती, अब्दुल नईम, गुलाम मुस्तफा एवं अनवर अली ने अधिवक्ता आशीष सक्सेना, हर्षित मित्तल के जरिए अवमानना याचिका दायर कर आरोप लगाया कि दरगाह कमेटी द्वारा शौचालय के लिए निर्धारित भूमि पर नियमों के विरुद्ध निर्माण किया गया। याचिका के अनुसार, दरगाह कमेटी ने दरगाह दीवान के साथ एक एमओयू (स्न्ढ) कर निर्माण योजना में बदलाव किया, जिसके तहत स्वीकृत नक्शे से अलग भूतल पर वेटिंग हॉल की जगह ऑफिस और दुकानें बना दी गईं, जबकि ऊपरी मंजिलों पर हॉल एवं कमरों का निर्माण किया जा रहा था।

# सम्राट पृथ्वीराज चैहान के किले तारागढ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करे:राकेश विस्नावत

### पृथ्वीराज जयन्ति मनाये जाने से पूर्व तैयारियां हरि ओम कॉलोनी में वैचारिक गोष्ठी का आयोजन

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सम्राट पृथ्वीराज चैहान के किले तारागढ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करके युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाये।उपरोक्त विचार सम्राट पृथ्वीराज चैहान की जयन्ति मनाये जाने से पूर्व हरि ओम कॉलोनी चन्द्रवरदाई नगर में अजमेर व्यापारिक महासंघ व जन सेवा समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी के कार्यालय में आयोजित वीरो की भूमि अजमेर राजस्थान विषय पर आयोजित वैचारिक गोष्ठी में सम्राट पृथ्वीराज चैहान के फैन राकेश कुमार विसनावत ने शनिवार को व्यक्त किये।कार्यक्रम संयोजक रमेश लालवानी ने बताया कि इस अवसर पर विस्नावत ने पृथ्वीराज चैहान को तृतीय (शासनकालरू 1178-1192) जिन्हें आम तौर पर पृथ्वीराज चैहान कहा जाता है को चैहान वंश के राजा बताया।उन्होंने वर्तमान उत्तर-पश्चिमी भारत में पारम्परिक चैहान क्षेत्र सपादलक्ष पर शासन किया।उन्होंने वर्तमान राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से पर भी नियन्त्रण किया।उनकी राजधानी अजयमेरु (आधुनिक अजमेर) में स्थित थी, हालाँकि मध्ययुगीन लोक किंवदन्तियों ने उन्हें भारत के राजनीतिक केंद्र दिल्ली के राजा के रूप में वर्णित किया है।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राकेश विसनावत का मोतियो की मलाऐ पहनाकर,साफा पहनाकर, शॉल पहनाकर और राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमल सिंह डेरा ब्यास अमृतसर से प्रकाशित आध्यात्मिक साहित्य हक हलाल की कमाई भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भजन सिंह,मती जसोता ,इन्द्राजकुमार ,प्रियेश लालवानी,सुधन वर्मा,राकेश भाई,तरूण वर्मा एवं अन्य सम्मिलत थे।

## सम्पादकीय...

### होर्मुज खुला, तेल सस्ता और बाजारों में तेजी



होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान द्वारा अस्थायी रूप से सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोलने की घोषणा ने कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट ला दी और दुनियाभर के शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। यह फैसला ऐसे समय आया है जब फारस की खाड़ी क्षेत्र तनाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। आपूर्ति बाधित होने की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं, लेकिन जैसे ही यह मार्ग खुला, बाजारों ने राहत की सांस ली। तेल बाजारों की प्रतिक्रिया बेहद तेज और स्पष्ट थी। ब्रेंट क्रूड ऑयल कुछ ही सेकंड में लगभग 12 प्रतिशत गिरकर 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 83 डॉलर के आसपास फिसल गया। यह गिरावट केवल आंकड़ों का बदलाव नहीं थी, बल्कि यह संकेत था कि वैश्विक आपूर्ति की चिंता फिलहाल कम हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इसके बंद होने या बाधित होने की आशंका हमेशा बाजारों को अस्थिर कर देती है, और इसके खुलने से वही बाजार तेजी की ओर दौड़ पड़ते हैं। तेल की कीमतों में इस गिरावट का असर शेयर बाजारों पर तुरंत दिखाई दिया। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जबकि यूरोप के प्रमुख सूचकांक जैसे डीएएक्स और एफटीएसई 100 भी मजबूती के साथ ऊपर चढ़े। निवेशकों ने इसे एक सकारात्मक संकेत के रूप में लिया कि ऊर्जा लागत में कमी आने से कंपनियों के मुनाफे पर दबाव घटेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। महंगाई के मोर्चे पर भी इसका असर महत्वपूर्ण होता है। ऊर्जा लागत कम होने से परिवहन और उत्पादन की लागत घटती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर दबाव कम पड़ता है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक को मौद्रिक नीति के स्तर पर अधिक लचीलापन मिल सकता है। अगर महंगाई नियंत्रित रहती है, तो ब्याज दरों में कटौती या स्थिरता बनाए रखने की संभावना बढ़ जाती है, जो आर्थिक विकास को गति देने में सहायक होती है। शेयर बाजार के नजरिए से देखें तो तेल की कीमतों में गिरावट से कई सेक्टरों को फायदा होता है। खासतौर पर पेंट, केमिकल, एविएशन और लॉजिस्टिक्स कंपनियों के लिए यह सकारात्मक संकेत होता है, क्योंकि उनकी लागत सीधे तौर पर ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसके अलावा, उपभोक्ता मांग में भी सुधार देखने को मिल सकता है, क्योंकि लोगों के पास खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचता है।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1975 – सोवियत संघ की मदद से भारत के पहले उपग्रह आर्यभट का अंतरिक्ष में प्रक्षेपण।
1977 – सेटेलाइट कम्यूनिकेशन का प्रारम्भ।
1999 – बी.बी.सी. द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रिका आरम्भ करने की योजना।
2006 – प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- ▫लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल।
- ◆यह बिल तो गिरना ही था सरकार को ही पता था।
- ▫राहुल गांधी बोले संविधान संशोधन बिल की आड़ में देश का चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश थी।
- ◆यह बात जनता को समझनी चाहिए।
- ▫गृहमंत्री शाह बोले महिलाएं देख रही है उनकी राह का रोडा कौन है।
- ◆जनता 30 साल से सब देख रही है।
- ▫लेबनान में सीज फायर के बाद ईरान ने हार्मोन स्टेट कमर्शियल जहाज के लिए खोला।
- ◆तीनों देश ही थक गए हैं रेस्ट कर रहे हैं।
- ▫ब्रिटिश नागरिकता के आरोप में राहुल गांधी के खिलाफ एफ आई आर का आदेश।
- ◆यदि ब्रिटिश नागरिकता होती तो मोदी सरकार छोड़ती।
- ▫भाजपा नेता की हत्या में कर्नाटक कांग्रेस विधायक को उम्र केद।
- ◆यह विधायक गलत पार्टी में है।
- ▫भारतीय कंपनियां रूस से सीधे तेल नहीं खरीदेगी।
- ◆बिजोलिया रखने के कई फायदे होंगे।
- ▫कोलकाता में तूनमूल नेताओं पर ईडी व इनकम टैक्स की छापेमारी।
- ◆यह भी चुनाव प्रचार का तरीका है।

*..............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**रविवार 19 अप्रैल, 2026**

**मेष राशि:** कई दिनों से लंबित कार्य आज भी अधूरे रहेंगे। आर्थिक वृद्धि के प्रयास निष्फल होंगे। व्यावसायिक कार्य सफल नहीं हो पाएंगे। फिजूल की बातों से दूर रहें।

**वृषभ राशि:** संतान के कार्यों से दुखी रहेंगे। व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। अचानक आने वाली बाधाओं से मन परेशान रहेगा। परिश्रम का महत्व समझें। वाद-

**मिथुन राशि:** अध्ययन में आ रही बाधा दूर होगी। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ेगा। कला की तरफ रुझान होगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। आय में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क राशि:** विवाह योग्य जातकों को लिए समय अनुकूल है। संतान की चिंता रहेगी। शत्रु पक्ष आपकी छवि बिगाडने की कोशिश करेंगे। व्यापार की समस्याओं से मन परेशान रहेगा।

**सिंह राशि:** विवाह योग्य जातकों के लिए समय अनुकूल है। संतान की चिंता रहेगी। शत्रु पक्ष आपकी छवि बिगाडने की कोशिश करेंगे। व्यापार की समस्याओं से मन परेशान रहेगा।

**कन्या राशि:** क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद को टालें। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यर्थ के दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहें। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**तुला राशि:** दिन की शुरुआत नए संकल्पों के साथ होगी। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सही होंगे। वाहन क्रय करने के योग हैं। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** कई दिनों से किसी से आप मन की बात कहना चाहते थे। संतान की उन्नति खुशी को बढ़ाएगी। सोचे हुए काम बनेंगे। बौद्धिक चिंतन से आशंकाएं दूर होंगी।

**धनु राशि:** माता-पिता के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। परिचित व्यक्ति का सहयोग आपकी परेशानियों को दूर करेगा। व्यापार, काम-धंधे की स्थिति संतोषजनक रहेगी। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी।

**मकर राशि:** बोलने से पहले सोचें। झूठ बोलने से बचें। दुर्व्यसनों पर नियंत्रण रखना होगा। सुख के साधनों को क्रय करने के योग बनेंगे। पिछले कार्यों में विशेष सफलता मिलेगी। यात्रा संभव है।

**कुम्भ राशि:** आजकल आप के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ रहा है। अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना जरूरी है। घर में क्लेश बढ़ेंगे। पेट से संबंधित रोग से पीड़ित रहेंगे।

**मीन राशि:** परिजनों से सहयोग मिलेगा। मित्रों से आर्थिक सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। संतान की ओर से अनुकूल परिणाम आएंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। आय से अधिक व्यय नहीं करें।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट-** अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# आज अक्षय तृतीया पर विशेष: अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया



**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है। अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। 'अक्षय' शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है। जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं।

इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है। इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है।

भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

# अक्षय तृतीया दान परम्परा के सूत्रपात का दिन



**अशोक कुमार बैद**

हर देश की संस्कृति में कुछ पर्व त्यौंहार और विशिष्ट उत्सवों का समायोजन किया जाता है ताकि जीव जगत को नई दिशा, प्रकाश का नया मार्ग मिल सके। चारों और उल्लास, उमंग का वातावरण बन सके और वह जीवन में खुशियों के गुलाल बीखेर सके। भारत देश वैसे भी पर्व एवं त्योहारों का देश है, जिसमें अक्षय तृतीया एक ऐसा ही पर्व है जिसके साथ जुड़ा है एक इतिहास, एक संस्कृति, एक सभ्यता और एक परंपरा। अक्षय तृतीया संस्कृत शब्द है, जहां अक्षय का अर्थ है शाश्वत, जो कभी कम ना हो। 'न क्षय इति अक्षय' यानी जिसका कभी क्षय ना हो वह अक्षय है, सदा सर्वदा के लिए जीवित। जैन परंपरा अनुसार यह पर्व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के वर्षी तप के पारणे का दिन है। ऋषभ उस समय अवतरित हुए जब एक नए संसार की रचना की जरूरत थी। वृषभ इसके सूत्रधार बने। ऋषभ ने धर्म-कर्म के मर्म को, असि-मसि-कृषि से जीवन यापन की पद्धति को समझाया। ऋषभ ने अपनी अबोध जनता को माता का प्यार, पिता की तरह जिम्मेदारी, गुरु की तरह विद्यार्थी को ज्ञान और प्रजा पर राजा का कर्तव्य का प्रशिक्षण और ज्ञान दिया। उन्हें जीने की नई दिशाएं प्रदान की। समाज और राजव्यवस्था को संगठित और सुव्यवस्थित किया। वैदिक ग्रंथ भागवत में ऋषभ, जैन धर्म के आद्य प्रवर्तक होने से श्री आदिनाथ, दिगंबर आम्नाए में वृषभदेव कहलाए। भारतीय परंपरा में नाथ अनेक हुए हैं पर आदिनाथ संबोधन भगवान ऋषभ के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। जन्मोत्सव के दौरान ऋषभ ने खाने के लिए सबसे पहले गन्ने का टुकड़ा उठाया। ऋषभ को इक्षु प्रिय है अत: आगे इस वंश का नाम इक्ष्वाकु वंश हुआ। समय के साथ कुलकर नाभि के पास समस्याओं के निराकरण की शिकायतें आने लगीं मगर उनके पास कोई समाधान नहीं था। ऋषभ के पास इस विषय पर चर्चा चली, तो ऋषभ ने कहा समय के साथ व्यवस्था बदलनी पड़ती है। अपनी आदतों में परिवर्तन करना पड़ता है। अब कुलकर व्यवस्था के स्थान पर राज व्यवस्था होने से ही समस्याएं सुलझ सकती हैं। ऋषभ ने राजा का दायित्व बताया। कुलकर नाभी ने ऋषभ का राज्याभिषेक किया। ऋषभ के पास सबसे पहला काम था खाद्य संकट मिटाने का। ऋषभ ने कहा समय बदल गया है अत: अपने को बदलो। अब हमें श्रम करना होगा, खेतों में अनाज बोना होगा। अत: सब श्रम करो, सुख से जियो। लोगों का बौद्धिक विकास नहीं के बराबर था। जितना बताया जाता उतना ही समझते, उसके अलावा आस-पास की बातें उनके चिंतन से बाहर थी। खेती पकने के बाद उसे काट कर अनाज निकालने की विधि स्वयं ऋषभ ने बताई। बैलों को अनाज के ढेर पर घुमा कर अनाज एवं भूसा निकालकर अलग किया जाता, परंतु बैलों को भूख लगने पर वह उसी अनाज को खाने लगे जिससे लोगों में चिंता की लहर दौड़ गई कि सारा अनाज बैल खा जाएंगे, तो हम क्या खाएंगे। ऋषभ ने इसके निराकरण के लिए किसानों से कहा बैलों के मुख पर घास की रस्सियों की छींकी बनाकर लगा दो फिर नहीं खाएंगे। छींकी लगा देने के बाद बारह घंटे तक बैलों से काम करवा कर जब उनके आगे चारा डाला गया तो बैलों ने नहीं खाया। नई समस्या खड़ी हो गई। सब ऋषभ के पास गए और पूरी बात बताई। ऋषभ ने स्थिति को समझा, इनमें ज्ञान का विकास नहीं है। ऋषभ के कहने पर किसानों ने छींकी खोली तब जाकर बैलों ने चारा खाया। ऋषभ ने अग्नि की उत्पत्ति के विषय में कहा यह मानवीय सभ्यता तथा समृद्धि की आधार मानी जाएगी। ऋषभ ने सुरक्षा व्यवस्था (असि कर्म), लिखा-पढ़ी (मसि कर्म), खाद्यान्न उत्पादन (कृषि कर्म) और सेवा व्यवस्था का आविष्कार किया। ऋषभ ने दंड विद्या, कला- प्रशिक्षण आदि को स्थापित किया। असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प इन छ: कर्मों का उपदेश दिया और अनेकों पाप रहित आजीविका के उपाय बताए। उनका परिवार संस्कारी था। ऋषभ ने पुत्र और पुत्री को समानता का दर्जा दिया। दोनों को ही उचित शिक्षा देकर अपने-अपने कर्म क्षेत्रों में निष्णात बनाया। ऋषभ ने अपनी दोनों पुत्रियों ब्राह्मी एवं सुंदरी को अठारह प्रकार की लिपियां, गणित एवं स्त्रियों की चौंसठ कलाओं का ज्ञान दिला कर स्त्री शिक्षा का प्रचार किया। भगवान ऋषभ के जेष्ठ पुत्र चक्रवर्ती सम्राट भरत के नाम पर इस देश का नाम भारत प्रसिद्ध हुआ। तात्कालिक व्यवहारिक जीवन की कठिनाइयों का समाधान करने के बाद ऋषभ ने धर्म नीति का प्रवर्तन करने का निश्चय किया। लोगों को पीड़ा हुई कि ऋषभ उनको छोड़कर जा रहे हैं। चैत्र कृष्ण अष्टमी के दिन चार हजार लोगों के साथ ऋषभ ने अभिनिष्क्रमण किया। ऋषभ ने संपूर्ण वस्त्राभूषण उतार कर के केश लुंचन किया। जब सिर के आगे, दाएं, बाएं और पीछे के केश लुंचन के बाद मध्य के केसों का लुंचन करने लगे तो इंद्र ने कहा इन्हें रहने दीजिए यह बहुत सुंदर लगते हैं। संभवत शिखा की परम्परा वहीं से चली है। दीक्षा के साथ ही ऋषभ के पूर्व अर्जित अंतराय कर्म का विपाकोदय हो गया था। लोग भिक्षा विधि से अपरिचित थे। ऋषभ जब घर-घर भिक्षा के लिए जाते, तो किसी ने हाथी, किसी ने घोड़ा किसी ने रथ तो किसी ने उन्हें नंगे पैर देखकर रत्न जड़ित पादुका, किसी ने मुकुट, किसी ने नाना प्रकार के आभूषण दिए, किंतु ऋषभ के प्रति अपार श्रद्धा रखते हुए भी आहार-पानी (खाने-पीने) के लिए किसी ने नहीं कहा। ऋषभ को अभी भी वे अपना राजा ही मान रहे थे। शुद्ध आहार के अभाव में ऋषभ को बिना खाए पिए बारह मास बीत गए। यह बारह मास उस बारह घंटे की अवधि का फल है जिसमें ऋषभ ने कृषि शिक्षा में बारह घंटे तक बैलों को छींकी बंधवाई थी। बारह घंटे के अंतराय कर्म बारह मास में पूरे हुए। वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन हस्तिनापुर में प्रभु भिक्षा के लिए घर-घर गवेषणा कर रहे थे। प्रात: काल ऋषभ भिक्षा के लिए राजपथ पर घूम रहे थे तभी उनके प्रपौत्र श्रेयांश की नजर उन पर पड़ी और उसे अपने परदादा ऋषभ नजर आए। जाति स्मरण ज्ञान से श्रेयांश कुमार ने जाना कि प्रभु प्रासुक (निर्दोष) आहार की गवेषणा कर रहे हैं और लोग उनकी भिक्षा विधि से अनजान हैं। तत्काल श्रेयांस कुमार नीचे उतर कर ऋषभ के चरणों में विधिवत वंदना कर आहार (भोजन करने) के लिए प्रार्थना की। श्रेयांस कुमार ने राज महल में प्रासुक आहार के रूप में इक्षु रस को देखा। इक्षु रस के मौसम का अंतिम समय होने के कारण किसान इक्षु रस के घड़े भेट में लाए थे, जो एक ही स्थान पर यथावत रखे थे। श्रेयांश कुमार ने निवेदन किया 'भंते! इक्षु रस के 108 घड़े प्रासुक हैं, आप ग्रहण करें।' ऋषभ ने वहां स्थिर होकर दोनों हथेलियों को सटाकर अंजलि बनाकर मुख से लगा लिया। राजकुमार श्रेयांस उल्लसित भावना से इक्षु रस का दान दिया। इस प्रकार इक्षु रस से भगवान में पारणा किया। दान की परम्परा का सूत्रपात हुआ। दान की महिमा एवं विधि से लोग परिचित हुए। ऋषभ के एक संवत्सर की तपस्या के बाद दान व धर्म की स्थापना हुई। इक्षु रस के दान से वैशाख शुक्ल तृतीया का दिन अक्षय हो गया। इसे इक्षु तीज, आखातीज या अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाने लगा। ऋषभ के वर्षी तप के पारणे का इतिहास इसके साथ जुड़ जाने से यह वर्ष का स्तंभ दिन माने जाने लगा। आज भी जैन धर्म में वर्षी तप (एकांतर) किया जाता है। एक दिन खाना और एक दिन उपवास। साल भर चलने वाले क्रम का पारणा अक्षय तृतीया के दिन इक्षु रस से ही किया जाता है। पुराणों में भी उल्लेख है कि यह तिथि सर्वकार्य सिद्धि के रूप में भी मनाया जाता है। वैदिक परंपरा में आज के दिन गंगा स्नान तथा पितृ तर्पण का विशेष महत्व माना गया है। यह तिथि पुण्य दायिनी एवं धार्मिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से गौरवशाली, पापमोचनी एवं स्वर्गप्रदायिनी है। हिंदू परंपरा में अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ। सतयुग- त्रेता युग का प्रारंभ भी इसी दिन से माना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि को सतयुग और त्रेता युग का प्रारम्भ हुआ है। ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुन: खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन होते हैं। इसी दिन महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था। आज ही के दिन माँ गंगा का अवतरण धरती पर हुआ था। माँ अन्नपूर्णा का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था। द्रोपदी को चीरहरण से कृष्ण ने आज ही के दिन बचाया था। कृष्ण और सुदामा का मिलन आज ही के दिन हुआ था। कुबेर को आज ही के दिन खजाना मिला था। कृषक समुदाय में इस दिन का बड़ा महत्व है। कृषक समुदाय इस दिन एकत्रित होकर आने वाले वर्ष के आगमन, कृषि पैदावार आदि के शगुन देखते हैं। अक्षय तृतीया का त्योहार पूरे भारतवर्ष में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्यौहार है। इस दिन हमारे यहां मोठ-बाजरी का खीचड़ा, बड़ी (मुंगोड़ी) की सब्जी, दोलड़िया फुल्के, इमलानी (इमली का खट्टा मीठा रस) जैसे पकवान बनाए जाते। आज के दिन गन्ने के रस की विशेष प्रधानता होती है। ठंडी कोरी मटकी में पानी भरा जाता। इमली का रस ठंडी तासीर का होता है। इसे पीने से लू और गर्मी से बचाव होता है। गन्ने का रस गुणकारी होता है। ठंडी कोरी मटकी का पानी भीषण गर्मी में अमृत के समान होता है जो प्यासे कंठों को तर कर देता है। इस प्रकार अक्षय तृतीया अपने आप में स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। कोई भी शुभ कार्य का प्रारम्भ किया जा सकता है। यह दिन (तिथि) शुभ कार्यों के लिए अबूझ दिन माना गया है। आज भी अक्षय तृतीया का दिन अनेक घटनाओं व परंपराओं का संगम बना हुआ है।

# अबूझ मुहूर्त का मतलब मनमानी नहीं है



**बाल मुकुन्द ओझा**

अक्षय तृतीया या आखातीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। इस वर्ष आखातीज 19 अप्रैल को है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन अबूझ सावे के कारण देशभर में लाखों की संख्या में विवाह होते है। मगर आखातीज का मतलब मनमानी नहीं है। लोग इस दिन अपनी कन्याओं का छोटी उम्र में विवाह कर देते है जो कानूनी दृष्टि से अपराध है। इस दिन बड़ी संख्या में विवाह होते हैं जिनमें बाल विवाह शामिल हैं। बाल विवाह का अर्थ है छोटी आयु में शादी। अर्थात् 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होना। एक अधिकृत जानकारी के अनुसार देश में 2023 में करीब दो लाख बाल विवाह रोके गए लेकिन अब भी देश में हर पांच में से एक लड़की की शादी कानूनी उम्र 18 साल से पहले कर दी जाती है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह दरों में सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक गिरावट दक्षिण एशियाई देशों में देखी गई है, और इस उपलब्धि में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण - 5 के मुताबिक 20-24 वर्ष की आयु की 23.3 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हुई है। 25-29 वर्ष की आयु के 17.7 प्रतिशत पुरुषों की शादी 21 वर्ष की आयु से पहले हुई है। इसी भांति 2006 में बाल विवाह का प्रचलन 47 प्रतिशत था, जो 2019-21 में लगभग आधा होकर 23.3 प्रतिशत हो गया है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, राजस्थान, तेलंगाना, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में बाल विवाह का प्रचलन राष्ट्रीय औसत से अधिक है। भारत में बाल विवाह की प्रथा का अनादिकाल से प्रचलन है। लाख कोशिशों के बाद भी हम इस कुप्रथा को समाप्त नहीं कर पाये हैं। सभ्य समाज के मुंह पर यह एक तमाचा है। यह मानव जीवन की सबसे बड़ी और दु:खदाई त्रासदी है। बाल विवाह की यह सामाजिक बुराई हिन्दी और अहिन्दी दोनों राज्यों में समान रूप से प्रचलित है। विशेषकर राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पं. बंगाल में इसका सर्वाधिक बोलबाला है। शिक्षित और अशिक्षित दोनों समाज इसमें शामिल हैं। छोटी आयु में विवाह का मुख्य कारण अशिक्षा गरीबी है। अभिभावक गरीबी के कारण अपनी बेटी का जल्दी विवाह कर एक सामाजिक दायित्व से निवृत्त होना चाहते हैं। नासमझी और अशिक्षित होने के कारण उन्हें यह ज्ञान नहीं है कि वे अपनी बेटी को एक अंधे कुंए की ओर धकेल रहे हैं जिसमें से वह ताउम्र नहीं निकल पायेगी। छोटी आयु में विवाह के कारण लड़की को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ता है। खेलने-कूदने के दिनों में वह सेक्स की शुरूआती एवं प्रारम्भिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझती रहती है। इसके अलावा बालिका वधु को घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। शारीरिक रूप से अपरिपक्वता के साथ-साथ उसे शिक्षा से भी वंचित होना पड़ता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बाल विवाह घोर दण्डात्मक अपराध माना गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 40 प्रतिशत विवाह भारत में होते हैं। इनमें 49 प्रतिशत लड़कियों के विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाते हैं। लिंग भेद और अशिक्षा को सबसे बड़ा कारण माना गया है।

## अक्षय तृतीया अखंडता का प्रतीक है

# वैशाख शुक्ल तृतीया आखातीज के रूप में जाना जाता है

**कांतिलाल मांडोत**

वैशाख शुक्ल तृतीया का पावन दिन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परम्परा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। यह तिथि अक्षय तृतीया अथवा आखातीज के नाम से जानी जाती है। 'अक्षय' का अर्थ है जो कभी क्षीण न हो, जो सदा बना रहे। यही कारण है कि इस दिन किए गए पुण्य, दान, तप और शुभ कार्यों को अक्षय अर्थात् अविनाशी फल देने वाला माना गया है। यह तिथि केवल ज्योतिषीय दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत विशिष्ट है। यह दिन अखण्डता, पवित्रता और निरन्तर प्रगति का प्रतीक है। अक्षय तृतीया का एक विशेष महत्त्व यह भी है कि यह तिथि कभी खंडित नहीं होती। अन्य तिथियों की भाँति इसमें घट-बढ़ नहीं होता, इसलिए इसे स्थिरता और अखण्डता का प्रतीक माना गया है। जीवन में भी यही संदेश निहित है कि जो व्यक्ति अखण्डता और एकरूपता के साथ जीवन जीता है, वही सफलता और संतोष प्राप्त करता है। विभाजित और अस्थिर जीवन व्यक्ति को निरन्तर संघर्ष और असंतोष की ओर ले जाता है, जबकि एकाग्रता और एकता जीवन को श्रेष्ठ बनाती है। इस पावन तिथि का गहरा सम्बन्ध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से है। भगवान ऋषभदेव ने मानव समाज को जीवन जीने की दिशा प्रदान की। उन्होंने असि, मसि और कृषि के माध्यम से मानव को सभ्यता और संस्कृति का मार्ग दिखाया। उनके द्वारा दी गई शिक्षाएँ आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। अक्षय तृतीया का दिन विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन भगवान ऋषभदेव ने अपनी दीर्घकालीन तपस्या का पारण किया था। भगवान ऋषभदेव की तपस्या अत्यन्त कठोर और अनुकरणीय थी। उन्होंने दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात् अखण्ड मौन और कठोर तप का पालन किया। उस समय समाज को श्रमण जीवन की विधियों का ज्ञान नहीं था, इसलिए उन्हें लंबे समय तक शुद्ध आहार प्राप्त नहीं हो सका। लोग श्रद्धा से उन्हें अनेक प्रकार के उपहार और धन अर्पित करते थे, किन्तु भगवान केवल निर्दोष आहार ही ग्रहण करते थे। परिणामस्वरूप वे निरंतर तप में लीन रहे और एक वर्ष से अधिक समय तक निराहार रहे। यह स्थिति तब परिवर्तित हुई जब हस्तिनापुर के युवराज श्रेयांसकुमार ने जातिस्मरण ज्ञान के माध्यम से भगवान की आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने पूर्ण श्रद्धा और पवित्र भावना से भगवान को इक्षु रस का दान दिया, जिससे भगवान की तपस्या का पारण सम्पन्न हुआ। यह घटना न केवल भगवान की तपस्या का पूर्णत्व थी, बल्कि संसार में दान की परम्परा का भी प्रारम्भ थी। इस प्रकार अक्षय तृतीया का दिन तप और दान दोनों की महानता का प्रतीक बन गया। तप का महत्त्व भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में अत्यधिक है। तप आत्मशुद्धि का साधन है, जो मनुष्य को उसके कर्मों के बन्धन से मुक्त करता है। तप के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की दुर्बलताओं को दूर करता है और आत्मबल को विकसित करता है। यह केवल शारीरिक कष्ट सहने का नाम नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि का मार्ग है। तप ही वह साधन है जो व्यक्ति को उच्चतम आध्यात्मिक अवस्था तक पहुँचाता है।

अक्षय तृतीया के अवसर पर आज भी अनेक साधक वर्षीतप करते हैं। वर्षीतप एक कठिन साधना है, जिसमें एक दिन उपवास और दूसरे दिन पारण का क्रम चलता है। यह तपस्या आत्मसंयम, धैर्य और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण है। ऐसे तपस्वियों का सम्मान और अनुमोदन करना भी एक प्रकार का तप माना गया है। समाज में तप की परम्परा को जीवित रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह जीवन में अनुशासन और पवित्रता का संचार करती है। दान का भी इस तिथि से विशेष सम्बन्ध है।

## निंबाहेड़ा में 15 दिवसीय रोज़ा फराइज़ तरबियत कैंप का शुभारंभ, बच्चों को दी जाएगी दीन व नैतिक शिक्षा



**निंबाहेड़ा,( हुक्मनामा समाचार )**।रजा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में मौलाना युसूफ निजामी साहब की सरपरस्ती में 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 15 दिवसीय 'रोज़ा फराइज़ तरबियत कैंप' का शुभारंभ किया गया है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य समुदाय के बच्चों को दीन की बुनियादी जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं संस्कारों से अवगत कराना है।कैंप के माध्यम से बच्चों में बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह तथा पड़ोसियों के साथ प्रेमपूर्वक जीवन यापन करने जैसी सकारात्मक आदतों का विकास किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होगा और वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। इस अवसर पर इशकाबाद मस्जिद के इमाम सरफराज खान लड़कों की तरबियत की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जबकि उनकी अहलिया मोहतरमा अलीमा लड़कियों की शिक्षा एवं संस्कार निर्माण का कार्य संभाल रही हैं। कैंप के शुभारंभ कार्यक्रम में कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद फारूक, पुरानी ईदगाह मस्जिद के सदर मुनव्वर खान, हाजी एजाज खान एवं मौलाना युसूफ निजामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कमेटी सदस्य आमिर अनवर, राशिद खान, यासीन खान, नाजिम अंसारी, सिकंदर खान, शाहरुख खान एवं शाहनवाज खान सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को नियमित रूप से धार्मिक शिक्षा, नमाज़, रोज़ा के फराइज़ तथा अच्छे आचरण से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपने जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात कर सकें

## भगवान का जन्म तप तथा मोक्ष दिवस मनाया



**मकराना ( हुक्मनामा समाचार )**। शहर के सदर बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान कुन्थुनाथजी का जन्म, तप तथा मोक्ष दिवस पारंपारिक रूप से हर्षोंगास के साथ मनाया गया। इसी प्रकार वसुंधरा नगर स्थित चन्द्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, जूसरी के महावीर स्वामी जैन मंदिर, आनंद नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भी शनिवार को दिन भर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। धार्मिक कार्यक्रमों के तहत श्रीजी के अभिषेक व कलश की बोली कमल कुमार सुनिल पहाडिया, चंवर की बोली सनील जैन, माल की बोली कमल कुमार पांडया तथा आरती की बोली प्रकाश डोसी ने लगाई। श्रावकों एवं श्राविकाओं ने बोलियों के अनुष्ठान संपादित किये। इसके साथ ही यहां पर जैन समाज की ओर से भगवान की सामूहिक रूप से आराधना किये जाने के साथ साथ शांतिधारा की गई। इसके अलावा महिलाओं ने मंदिरों में णमोकार मंत्र का जाप करते हुए परिवार की खुशहाली के लिये मंगलकामनाएं की। इसी प्रकार आरती, श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा व प्रभावना वितरण किये जाने सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। साथ ही बालक बालिकाओं के लिये धार्मिक प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का समाज की ओर से सम्मान किया गया। वही दोपहर को वसुंधरा नगर के चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा का आयोजन हुआ।

## बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी की संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ कार्यशाला संपन्न

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )**। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बूंदी जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को होटल रंजीत निवास में संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ जिला स्तरीय कार्यशाला जिला अध्यक्ष महावीर मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुयी ।कार्यशाला को संबोधित करते हुये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और बूंदी जिले के प्रभारी विजेंद्र सिंह सिद्धू ने कहा कि सत्ता के मद में मदांध भाजपा सरकार भारत के संविधान और लोकतंत्र पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने कहा कि बूंदी जिले में ग्रास रूट स्तर पर सक्रियता के साथ संगठन की संरचना तैयार की जायेगी। जिला सह प्रभारी पीसीसी सचिव वीरेंद्र सिंह झाला ने संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान की जानकारी दी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट ने साक्ष्यों के अभाव में दिया फैसला, 4 साल पुराने मामले का निपटारा

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )**। शहर के एक बहुचर्चित चेक अना दरण (बाउंस) मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया है। प्रकरण में ज्ञानचंद जैन पुत्र माणकचंद जैन ने 1 जून 2022 को देवकरण जाट पुत्र मिश्रिलाल जाट निवासी मलान, सुभाषनगर भीलवाड़ा के खिलाफ 10 लाख रुपये के चेक अनादरण का मामला सक्षम न्यायालय में पेश किया था। परिवादी के अनुसार, आरोपी देवकरण जाट ने घरेलू खर्च के लिए उधार ली गई राशि के भुगतान हेतु 10 लाख रुपये का चेक जारी किया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित (बाउंस) हो गया। नोटिस देने के बावजूद भी राशि का भुगतान नहीं किया गया। मामले में आरोपी की ओर से अधिवक्ता रमेश चंद शर्मा प्रथम और आशीष गौतम ने परिवादी द्वारा पेश मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों का खंडन करते हुए अपने पक्ष में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए और विस्तृत बहस की ।सुनवाई के बाद माननीय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण संख्या-5) भीलवाड़ा ने बचाव पक्ष के तर्कों और प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतों से सहमति जताते हुए 17 अप्रैल 2026 को फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी देवकरण जाट को धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त घोषित कर दिया।

### कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 हुई संपन्न

**बूँदी ( हुक्मनामा समाचार )**। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 दिनांक 18 अप्रेल को बून्दी जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में जिला मुख्यालय पर कुल 21 परीक्षा केंद्र थे। परीक्षा एक पारी में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अवगत कराया कि परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 6924 थे जिसमें से 6454 उपस्थित तथा 470 अनुपस्थित रहें। उपस्थिति का प्रतिशत 93.21 रहा। परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु प्रत्येक निजी परीक्षा केंद्र पर 02 पर्यवेक्षक तथा राजकीय परीक्षा केंद्र पर 01 पर्यवेक्षक लगाया गया। परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 04 उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया एवं 250 से अधिक पुलिस कर्मियों का जाप्ता लगाया गया।प्रत्येक केन्द्र पर अनाधिकृत/डमी व्यक्तियों/अनुपस्थित अभ्यर्थियों/अनुचित साधनों/विधि विरूद्ध क्रिया-कलापों इत्यादि के साक्ष्य संग्रहण हेतु 02 वीडियोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी की गई।

## सांवलियाजी मंदिर बोर्ड की बजट बैठक सम्पन्न

## 579 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का खाका तैयार



**चित्तौड़गढ ( हुक्मनामा समाचार )**। सांवलियाजी मंदिर मंदिर मंडल की बजट बैठक गोकुल विश्रांति गृह में आयोजित की गई, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्यय एवं विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए समस्त स्त्रोतों से कुल अनुमानित आय 42100.00 लाख रुपये के विरुद्ध संशोधित अनुमानित आय 41139.00 लाख रुपये तथा अनुमानित व्यय 42100.00 लाख रुपये के विरुद्ध संशोधित अनुमानित व्यय 12814.00 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष 20262027 के लिए मंदिर मंडल द्वारा समस्त व्यवस्थाओं के संचालन, निर्माण एवं विकास कार्यों सहित कुल 57900.00 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है। इस बजट में मंदिर व्यवस्था, परम्परागत महाप्रसाद, साधु-संतों एवं असहाय गरीबों को भोजन व्यवस्था, कार्मिकों के वेतन-भत्ते, यात्रा एवं चिकित्सा व्यय, वाहन ईंधन एवं संधारण, मशीनरी व उपकरण क्रय एवं रख-रखाव, कार्यालय संचालन, विज्ञापन-प्रचार, विद्युत, जल एवं स्वच्छता व्यवस्था, मेला आयोजन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, गौशाला संचालन, कृषि कार्य, चिकित्सा शिविर, शैक्षणिक गतिविधियां, निर्माण एवं विकास कार्य, अनुदान, शुल्क एवं ब्याज भुगतान, भोजनशाला संचालन, नवाचार एवं प्रसाद व्यवस्था सहित विभिन्न मदों में व्यय का विस्तृत प्रावधान शामिल है।

## कार्यवाहक जिला कलक्टर ने किया खरीद केन्द्रों का निरीक्षण



**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )**। कार्यवाहक जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने शनिवार को खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर वहां वर्तमान में संचालित खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने हिण्डोली, बडानयागांव, नैनवां तथा गोठडा में स्थापित खरीद केन्द्रों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने हिण्डोली कृषि उपजमंडी में स्थापित खरीद केन्द्र पर पेयजल व्यवस्था के समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिए। साथ ही नैनवां खरीद केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि बारदाना पर्याप्त मात्रा में रखा जावे और बारदाना फटा हुआ नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे ।इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे ।

## इनाणा बायपास पर सड़क हादसा, कार पलटी चालक सुरक्षित



**मूंडवा ( हुक्मनामा समाचार )**। राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर इनाणा बायपास के पास शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। नागौर की ओर से आ रही एक कार अचानक सामने आए आवारा पशु और मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर टकराई और पलटी खा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसके परखच्चे उड़ गए ।कार चालक सुजानगढ़ निवासी दशरथ, जो खनन विभाग नागौर में ड्राफ्टमैन के पद पर कार्यरत हैं, को मामूली चोटें आईं। कार के एयरबैग खुलने से उनकी जान बच गई। दुर्घटना में कार का पिछला पहिया टूटकर अलग हो गया। सूचना मिलने पर मूंडवा पुलिस के एएसआई पूर्वाराम हुड्डा मय जाब्ते मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। खबर लिखे जाने तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था।

## निष्काम कर्म और प्रभु भक्ति से ही संभव है परम पद की प्राप्तिःओझा



**मदनगंज-किशनगढ ( हुक्मनामा समाचार )**। अंतर्राष्ट्रीय संत रमेश भाई ओझा ने कहा कि मनुष्य यदि विरक्ति भाव से निष्काम कर्म करते हुए प्रभु भक्ति में लीन रहे, तो वह परम पद को प्राप्त कर सकता है। अग्रवाल समाज संस्था, अग्रसेन नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन विहार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ओजस्वी उद्बोधन दिया। संत ओझा ने अपने प्रवचन में कहा कि यह संसार एक सराय के समान है और हम सभी मनुष्य यात्री हैं। इस संसार सागर में रहते हुए व्यक्ति को विरक्ति भाव अपनाकर निष्काम कर्म एवं ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में ट्रेन में टीसी एवं प्रोफेसर के काल्पनिक प्रसंग के माध्यम से मानव जीवन की सार्थकता को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। इस अवसर पर संत रमेश भाई ओझा का अग्रवाल समाज अध्यक्ष अमित अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप अग्रवाल, मंत्री दिनेश गर्ग, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने साफा बंधन व माल्यार्पण कर भावभीना स्वागत किया। कार्यक्रम में मंदिर सुखनिधान जी किशनगढ़ शहर ट्रस्टी नरेश बजाज, प्रखर बजाज, मंदिर जगत शिरोमणि अग्रवाल समाज परमार्थ ट्रस्ट के ट्रस्टी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अग्रवाल कन्या पाठशाला समिति अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल (कुचामन), सचिव पवन अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के पदाधिकारी एडवोकेट प्रदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

## बैठक में उठा भीलवाड़ा के रेल यात्रियों का मुद्दा स्टेशन सुधार, नई ट्रेनें और वंदे भारत विस्तार की मांग




**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )**। अजमेर रेल मंडल की डिवीजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (छ्त्रष्टष्ट) की महत्वपूर्ण बैठक मंडल रेल प्रबंधक (छ्त्ररू) राजू भूतरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ छ्त्रष्टष्ट के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जहां रेल यात्रियों से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई ।सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी के अनुसार, भीलवाड़ा सांसद का प्रतिनिधित्व करते हुए छ्त्रष्टष्ट सदस्य राकेश कसेरा ने जिले से जुड़े रेल संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और यात्रियों की समस्याओं को मजबूती से रखा ।बैठक में भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए प्लेटफॉर्म, साफ-सफाई और बेसिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही जिले में बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए नई रेलगाड़ियों के संचालन की आवश्यकता भी बताई गई। कसेरा ने उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को अधिक उपयोगी समय-सारणी के अनुसार पुनः संचालित करने और इसे दिल्ली कैंट तक विस्तारित करने की मांग भी रखी, जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इसके अलावा आम यात्रियों की सुविधा से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी बैठक में उठाए गए ।बैठक के दौरान छ्त्ररू राजू भूतरा ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कसेरा ने उम्मीद जताई कि रेल प्रशासन भीलवाड़ा के यात्रियों की इन जायज मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर राहत प्रदान करेगा।

## चिकित्सक पर धर्मांतरण का आरोप कार्यवाही की मांग



**नाहरगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )**। नाहरगढ़ विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर कर उपजिला अस्पताल समरानियां में प्रभारी चिकित्सक पर धर्मांतरण का रैकेट चलाने सहित विभिन्न आरोपों पर कार्यवाही करने की मांग की है। प्रखण्ड अध्यक्ष रामनिवास नागर ने बताया कि केलवाड़ा निवासी डॉ शेख आरिफ इकबाल लंबे समय से चिकित्सा अधिकारी व उपजिला अस्पताल प्रभारी के पद पर पदस्थापित है। अपने पद का रोब जमाकर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला और शोषण किया। आरोपी के विरुद्ध केलवाड़ा थाने में प्रकरण दर्ज करवाने के बावजूद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस मामले में विहिप बजरंगदल ने शनिवार को नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर चिकित्सक को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने और अविलंब बर्खास्त करने की मांग की है। साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर बारां जिला बंद कर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान विहिप बजरंगदल के प्रखंड अध्यक्ष-रामनिवास नागर, प्रखंड मंत्री सुरेश गोस्वामी, बजरंगदल खंड अध्यक्ष मांगीलाल सेन, जगदीश, घनश्याम पांचाल, धनराज कुशवाह,वरिष्ठ कार्यकर्ता केशरीलाल कुशवाह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय कुमावत समाज की बैठक आज, प्रस्तावित कार्यक्रमों पर होगा मंथन

**मदनगंज किशनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )**। क्षत्रिय कुमावत समाज, किशनगढ़ परिक्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक 19 अप्रैल (रविवार) को श्री रघुनाथ जी मंदिर, सिलोरा में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष हरकचंद मारोठिया करेंगे। आगामी सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर यह बैठक अहम मानी जा रही है। बैठक में पूर्व में पारित प्रस्तावों के तहत कैरियर गाइडेंस शिविर एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ, जयपुर के संगठन मंत्री एवं प्रदेश संगठन मंत्री नंदकिशोर पारमवाल ने बताया कि समाज में शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 मई को प्रातः 9 बजे से कैरियर गाइडेंस शिविर आयोजित होगा, जिसकी तैयारियों, प्रचार-प्रसार तथा अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समिति गठन पर निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही 14 जून को प्रस्तावित युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श होगा तथा इच्छुक प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा उपलब्ध रहेगी। समाज अध्यक्ष हरकचंद मारोठिया ने समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर सुझाव एवं सहयोग देने की अपील की है, ताकि प्रस्तावित कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

## विश्व विरासत दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, विरासत संरक्षण पर दिया जोर




**बारां ( हुक्मनामा समाचार )**। विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में ॥(इंटैक) बारां चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में झालावाड़ रोड स्थित शुभम रिसोर्ट में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'बारां जिले की विरासतें और हमारे प्रयास' रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सिंह जादौन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कला, संस्कृति, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, बारां ने कहा कि जिले की ऐतिहासिक धरोहरें क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान हैं। इनके संरक्षण के लिए प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नागरिक समाज के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विरासत संरक्षण से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। विशिष्ट अतिथि रामदास शर्मा, सह-संयोजक इंटैक ने कहा कि संस्था कई वर्षों से शोध, प्रलेखन और जन-जागरूकता के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, बारां के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल ने कहा कि पर्यटन, आतिथ्य उद्योग और विरासत संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।

## तेरापंथ सभा भवन में धार्मिक आयोजन भक्ति गीत-नृत्य और नाटिका ने बांधा समां

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )**। संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा के तत्वावधान में तेरापंथ सभा भवन में तपस्वियों के सम्मान में भव्य तप अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री प्रमिला गोखरू एवं कोषाध्यक्ष मनीषा खजानची ने बताया कि संगिनी ग्रुप की अध्यक्षा पुष्पा गोखरू, संतोष सिंघवी एवं कांता चौधरी द्वारा एकासन वर्षी तप किया जा रहा है, जिनके सम्मान में यह आयोजन रखा गया ।कार्यक्रम की शुरुआत जयकारों एवं भक्तिभाव के साथ तीनों तपस्वियों के स्वागत से हुई। तन्वी जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर ममता सखलेचा, प्रीति गूगलिया, नीलम सैठ, स्नेह लता बबेल, अर्पित गांधी, किरण मेहता, प्रतिभा भंडारी, लाजवंती बोहरा एवं किरण भंडारी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं सोनल मेहता एवं प्रियंका चौधरी समूह ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मधु लोढ़ा एवं चेतना चपलोत ने प्रभावशाली नाटिका प्रस्तुत की, जबकि निर्मला बोलीया ने तप के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए ।मनीष बम्ब के अनुसार, कार्यक्रम के अंत में तीनों तपस्वियों का माल्यार्पण, ओपरणा एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया

# नारी सम्मान की ज्योतिः कल्याणी फाउंडेशन ने मां दुर्गा की आरती कर जगाया स्वाभिमान का दीप



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल के तहत कल्याणी फाउंडेशन ने शास्त्री नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में मां दुर्गा की भव्य आरती कर दीप प्रज्वलित किए। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने यह संदेश दिया कि चाहे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित न हो पाया हो, लेकिन नारी शक्ति का जज्बा और आत्मविश्वास किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं पड़ेगा। फाउंडेशन की सदस्याओं ने भक्ति भाव से मां दुर्गा के समक्ष दीप जलाए, जो सामाजिक और वैचारिक परिवर्तन की निरंतर जलती लौ का प्रतीक बने। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने कहा कि अधिनियम का पारित न होना निराशाजनक जरूर है, लेकिन इससे महिलाओं का मनोबल कम नहीं होगा। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और आज की नारी अपनी क्षमता से हर क्षेत्र में पहचान बना रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में महिलाओं को नीति निर्धारण में उनका उचित अधिकार अवश्य मिलेगा। साथ ही फाउंडेशन ने हर महिला को जागरूक और सशक्त बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं ने एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया और सामूहिक आरती के माध्यम से देश की उन्नति व महिलाओं के सर्वांगीण विकास की कामना की। उपस्थित सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि कानून भले रुक जाए, लेकिन नारी शक्ति का कारवां अब रुकने वाला नहीं है। इस अवसर पर प्रियंका बांठिया, एकता लोढ़ा, विनीता हिरण, प्रिया मेडतवाल, हेमा जेठानी, सुरभि चोरड़िया, कल्पना चोरडिया, मोनिका नैवावटी, सुमता जैन, निक्की खटोड़, खुशबू खटोड़, रक्षिता शर्मा, पायल चौधरी, रागिनी चौधरी, पूनम जैन, अरुणा पोखरना, पिंकी सोनी, वनिता लोढ़ा, पूजा मल्होत्रा, मोनिका चौधरी, पायल दमानी, अर्पिता तोदी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## जोतायां में किसान के बेटे ने आरएएस भर्ती परीक्षा में 385वीं रैंक हासिल कर गांव का नाम किया रोशन, बधाई देने वालों का लगा तांता

**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** आरपीएससी ने आर ए एस भर्ती परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में जोतायां निवासी एक किसान मंगलचंद जाट के पुत्र सूरजकरण जाट ने सफलता हासिल कर गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सूरजकरण जाट ने आर ए एस भर्ती परीक्षा 2024 में 385वीं रेंक हासिल की है। सूरजकरण जाट ने परीक्षा में सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और मित्रगणों को दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उनसे बातचीत में बताया कि वह आर ए एस की तैयारी पिछले 8 साल से कर रहे हैं। उन्होंने 2021, 2023 के बाद 2024 की भर्ती परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 2024 की परीक्षा में 385वीं रेंक से सफलता हासिल की है। ज्ञात रहे कि सूरजकरण जाट 2017 से शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। जोकि वर्तमान में सराना की राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय

# टीएडी छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सूची जारी कर दी गई है।रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। टीएडी आयुक्त लक्ष्मीनारायण मंत्री ने बताया कि विभागीय छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रथम व द्वितीय सूची जारी होने बाद रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पोर्टल फॉर एडमिशन इन टीएडी हॉस्टल्स एंड स्कूल्स (2026-27) लिंक पर क्लिक कर भरा जा सकता है। आवेदन पत्र 30 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं।

आयुक्त ने बताया कि जनजाति विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास संचालित हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को जनजाति छात्र-छात्राओं को छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रेरित कर उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही क्षमता के अनुरूप प्रवेश सुनिश्चित नहीं होने किए जाने पर संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान, छात्रावास वार्डन एवं कोच की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें मूल विभाग में भेजने की कार्यवाही अमल में लाए जाने की बात कही।

## सेटेलाइट चिकित्सालय हिरण मगरी में विधायक ने किया उपकरणों का उद्घाटन

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिरण मगरी सेक्टर 5 स्थित राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय में शनिवार को राज्य सरकार तथा दानदाताओं के सहयोग से प्राप्त विविध उपकरणों का उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। चिकित्सालय में राज्य सरकार की ओर से 46 लाख की लागत से डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम, 500 एम.ए स्थापित किया गया है। इससे अब चिकित्सालय में दो एक्सरे मशीन हो जाएंगी।

## राजनैतिक स्वार्थों के लिए इंडिया गठबंधन ने महिला सशक्तिकरण और नारी सम्मान के मिशन को नाकाम किया-छगन

**माहुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला आरक्षण क़ानून और डीलिमिटेशन से जुड़ा 131वां संवैधानिक संशोधन विधेयक लोकसभा में गिरनें पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर ने कडी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की विपक्ष महिला आरक्षण के ख़िलाफ़ है उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडी अलायंस के सभी सदस्यों ने महिला आरक्षण का विरोध किया है कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने आज लोकसभा में इस बिल के विरोध में वोट करके अपना महिला विरोधी चरित्र दिखा दिया है। यह विधेयक सिर्फ एक बिल नहीं था बल्कि नारी शक्ति को अधिकार एवं उन्हें सम्मान देने का अवसर था।

# न्यायालय के नवीन भवन का शिलान्यास आज



**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** मकराना उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के पास स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगला से सटकर नवीन न्यायालय भवन का शिलान्यास का कार्य आज रविवार को समारोहपूर्वक किया जायेगा। न्यायालय भवन के निर्माण कार्य के शिलान्यास को लेकर न्यायालय प्रशासन एवं बार संघ मकराना की ओर से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। शनिवार को बार संघ मकराना के अध्यक्ष एडवोकेट हाजी अकबर अली शेख सचिव एडवोकेट मोहम्मद शरीफ चौधरी, उपाध्यक्ष एडवोकेट विजयसिंह राजपुरोहित, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट भंवरराम डूडी, वरिष्ठ अधिवक्ता देवीसिंह बीका, नरेन्द्रसिंह सहित अन्य सदस्यों ने समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं को जायज लिया। बार संघ मकराना के अध्यक्ष अकबर अली शेख ने बताया कि मकराना में एडीजे कोर्ट के लिये वर्षो से संघर्ष किया गया और व्यापक स्तर पर बार संघ की ओर से प्रदर्शन किया। काफी मशक्कत के बाद ही यहां पर सरकार ने एडीजे कोर्ट की स्वीकृति प्रदान की। बार संघ के सचिव मोहम्मद शरीफ चौधरी ने बताया कि न्यायालय के नवीन भवन के निर्माण के साथ ही अधिवकताओं के साथ साथ पक्षकारों को भी काफी राहत मिलेगी। फोटो कैप्शन:-मकराना। न्यायालय भवन शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते बार संघ के पदाधिकारी।

# विप्र सेना की बैठक सम्पन्न, भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रूपरेखा तय



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** विप्र सेना कार्यकारिणी की सामूहिक बैठक तहसील अध्यक्ष हेमराज शर्मा, नगर अध्यक्ष गोल्डी पुनीत पाराशर एवं युवा अध्यक्ष वैभव दत्त पुंडरीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी॰ढ्ढह्यद्धड्ड4ड्ड ञ्जह्लद्बह्लद्ब4ड्ड के अवसर पर मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि महलों के चौक से परशुराम मंदिर की दूरी अधिक होने के कारण इस वर्ष वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जन्मोत्सव 19 अप्रैल को सकल ब्राह्मण समाज एवं विप्र सेना शाहपुरा के तत्वावधान में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान परशुराम जी का अभिषेक, वाहन रैली, महाआरती एवं प्रसादी वितरण जैसे धार्मिक आयोजन होंगे। वाहन रैली रामद्वारा से प्रारंभ होकर कलिंजरी गेट, बालाजी की छतरी, त्रिमूर्ति चौराहा, भाणा गणेश जी मंदिर एवं खान्या के बालाजी होते हुए भगवान परशुराम मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम अनुसार 18 अप्रैल सायं 7 बजे भजन संध्या, 19 अप्रैल प्रात: 8:15 बजे अभिषेक तथा सायं 5 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी।

# भारत विकास परिषद ने राहगीरों हेतु शुरू किया जलमंदिर




**केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत भीषण गर्मी से आमजन और यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य रोडवेज बस स्टैंड पर बहुउपयोगी अस्थाई शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। शाखा सचिव रामनिवास जैन ने बताया आज शनिवार को प्रात: प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं भामाशाह अवनीश मूंदड़ा (रजनीश होटल) द्वारा विधिवत फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं परिषद से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद की यह सेवा गतिविधि समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह शीतल जल प्याऊ प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित रहेगा, जिससे बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा और उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रकल्प प्रभारी नंदलाल गर्ग ने कहा कि सेवा ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है और इसी भावना के साथ परिषद लगातार जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। गर्मी के मौसम में इस तरह की पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और सराहनीय है। इस सेवा प्रकल्प के प्रभारी रामगोपाल माली, नंदलाल गर्ग, अनिल मंत्री एवं नंदलाल तिवाड़ी रहे। कार्यक्रम में विकास रत्न गोपाल लाल वर्मा, संरक्षक रामनरेश विजय, रामगोपाल सैनी, कैलाश चंद जैन, रामनिवास जैन, भगवान महेश्वरी, राम गोपाल शर्मा एवं गोपाल लाल सोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-स्यार**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./गोयला/निविदा/2026-27/03 दिनांक : 13.04.2026
ई-निविदा सूचना 21/2026-27
ग्राम पंचायत स्यार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0185 UBN-ZAJ2627GLRC00194
TENDER ID-2026_PRD_552464_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-स्यार, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-स्यार, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गोयला**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./गोयला/निविदा/2026-27/03 दिनांक : 13.04.2026
ई-निविदा सूचना 24/2026-27
ग्राम पंचायत गोयला के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0172 UBN-ZAJ2627GLRC00181
TENDER ID-2026_PRD_552314_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-गोयला, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-गोयला, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-जड़ाना**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./जड़ाना/निविदा/2026-27/04 दिनांक : 12.04.2026
ई-निविदा सूचना 26/2026-27
ग्राम पंचायत जड़ाना के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0191 UBN-ZAJ2627GLRC00199
TENDER ID-2026_PRD_552340_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-जड़ाना, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-जड़ाना, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-दीनदारपुरा**
पंचायत समिति-मौलासर
क्रमांक:2026-27/03 दिनांक : 18.04.2026
ई-निविदा सूचना 01/2026-27
ग्राम पंचायत दीनदारपुरा, द्वारा वार्षिक दर अनुबंध पर साफ-सफाई कार्य हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।
UBN No.-ZNR2627SSOB00114
प्रशासक, ग्राम पंचायत-दीनदारपुरा, पंचायत समिति, मौलासर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-दीनदारपुरा, पंचायत समिति, मौलासर

**कार्यालय ग्राम पंचायत-हरपुरा**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./हरपुरा/निविदा/2026-27/02 दिनांक : 08.04.2026
ई-निविदा सूचना 22/2026-27
ग्राम पंचायत हरपुरा के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0184 UBN-ZAJ2627GLRC00193
TENDER ID-2026_PRD_552467_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-हरपुरा, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-हरपुरा, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-कल्याणपुरा**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./कल्याणपुरा/निविदा/2026-27/04 दिनांक : 13.04.2026
ई-निविदा सूचना 23/2026-27
ग्राम पंचायत कल्याणपुरा के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0192 UBN-ZAJ2627GLRC00200
TENDER ID-2026_PRD_553535_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-कल्याणपुरा, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-कल्याणपुरा, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सुनारिया**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./सुनारिया/निविदा/2026-27/04 दिनांक : 13.04.2026
ई-निविदा सूचना 16/2026-27
ग्राम पंचायत सुनारिया के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0194 UBN-ZAJ2627GLRC00202
TENDER ID-2026_PRD_552321_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-सुनारिया, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-सुनारिया, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत-हिंगोनिया**
पंचायत समिति-सरवाड़, जिला अजमेर
क्रमांक: ग्रा.पं./हिंगोनिया/निविदा/2026-27/SP-1 दिनांक : 17.04.2026
ई-निविदा सूचना 14/2026-27
ग्राम पंचायत हिंगोनिया के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।
NIB-ZAJ2627A0190 UBN-ZAJ2627GLRC00198
TENDER ID-2026_PRD_552425_1
प्रशासक, ग्राम पंचायत-हिंगोनिया, पं.स. सरवाड़ (अजमेर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-हिंगोनिया, पं.स. सरवाड़ (अजमेर)

# नेत्रदान से रोशन होंगे दो जीवन अग्रवाल परिवार ने दुख में भी निभाया मानवता का धर्म



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नेत्रदान महादान' के संकल्प को साकार करते हुए भीलवाड़ा के रुक्मिणी कॉलोनी निवासी अग्रवाल परिवार ने मानवता की एक मिसाल पेश की है। स्वर्गीय श्रीमती विमला देवी, धर्मपत्नी स्व. सत्यनारायण अग्रवाल के निधन के बाद उनके परिजनों ने मरणोपरांत नेत्रदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य किया।लायन राकेश पगारिया एवं लायन पवन पवार ने बताया कि 18 अप्रैल को हृदय गति रुकने से श्रीमती विमला देवी का निधन हो गया। इस कठिन समय में भी उनके पुत्र सुरेश अग्रवाल, पूर्व लायन सदस्य व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. महेश अग्रवाल, डॉ. अलका गुप्ता, डॉ. मन अग्रवाल सहित अन्य परिजनों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। मीडिया प्रभारी मनीष बंब के अनुसार, नेत्रदान की प्रक्रिया डॉक्टर प्रतिष्ठा छीपा के निर्देशन में आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान, जयपुर (भीलवाड़ा चैप्टर) की टीम द्वारा पूरी की गई। नेत्र सहायक चेतन भट्ट ने मृतका के निवास पर पहुंचकर सफलतापूर्वक नेत्र उत्सर्जन कर कॉर्निया जयपुर स्थित आई बैंक भिजवाए। इन कॉर्निया के माध्यम से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान की जाएगी।

इस पुनीत कार्य में भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा के कमलेश बोड़ाना, पंकज अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सुभाष मोटवानी, महेश जाजू एवं देवी गिरी का विशेष सहयोग रहा।

लायंस आई बैंक ने दिवंगत विमला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अग्रवाल परिवार के इस प्रेरणादायक कदम के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के कार्य समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है।

# महिला विरोधी कांग्रेस : नूपुर मालव



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एडवोकेट नूपुर मालव ने महिला आरक्षण का विरोध करने को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को 'महिला विरोधी' बताते हुए कहा कि जब देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए I रहे हैं, तब कांग्रेस का विरोध उसकी सोच को उजागर करता है। नूपुर मालव ने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण से देश की आधी आबादी को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं के अधिकारों को लेकर दोहरी नीति अपनाती रही है और अब भी वही रवैया सामने आ रहा है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है, जबकि कांग्रेस केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को भटकाने का प्रयास करती है। मालव ने कांग्रेस नेताओं से महिला आरक्षण पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग भी की।इस बयान के बाद जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया है और दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होने की संभावना है।सर्वविदित है कि कांग्रेस पार्टी जनविरोधी है। कल संसदीय घटनाक्रम से ये भी स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी भी है। आधी आबादी को सत्ता में भागीदारी न मिले इस हेतु कल कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन ने महिलाओं के हित में आए बिल के विरोध में वोटिंग कर शर्मनाक कार्य किया है। इस बात की भरसक निंदा करती हूँ।

# ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** निदेशक, निदेशालय नागरिक सुरक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में दो चरणों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमला/ब्लैक आउट मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण के तहत आगामी दिनों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।इसी क्रम में मॉक अभ्यास की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं प्रभारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मॉक अभ्यास के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं प्रभारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विजयेश कुमार पंड्या ने बताया कि मॉक अभ्यास की तिथि, स्थान एवं समय का निर्धारण किए जाने के उपरांत इसकी सूचना पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा मॉक अभ्यास के दौरान समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जाएगा, अतः सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी रूप से निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक में आमजन के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति ने दी भ्रूण हत्या रोकने की हुंकार राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में साझा किया संस्था का विजन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** समाज में गिरते लिंगानुपात को सुधारने और भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने के संकल्प के साथ 'गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत' के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवारी अपने प्रवास के दौरान डीडवाना पहुँचे। यहाँ आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने संस्था के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवारी ने बताया कि संस्था वर्ष 1996 से परम श्रद्धेय संत स्वामी रामसुखदास जी महाराज की प्रेरणा से अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारा मुख्य ध्येय समाज को भ्रूण हत्या के पाप से मुक्त करना और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को सफल बनाना है। पिछले तीन दशकों से हम जन-जागरण के माध्यम से लोगों की मानसिकता बदलने का प्रयास कर रहे हैं।तिवारी ने बताया कि संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारी निरंतर जिलों का प्रवास करते हैं। वर्तमान प्रवास बीकानेर से शुरू होकर डूंगरगढ़, सालासर, सुजानगढ़ और लाडनूं होते हुए अब डीडवाना पहुँचा है। इसके बाद कुचामन, सीकर और जयपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिक्षण संस्थानों में सेमिनार, संगठन की बैठकें और आमजन से संकल्प पत्र भरवाने जैसे कार्य किए जा रहे हैं।समिति के पदाधिकारी राजेंद्र दाधीच ने समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि घटता लिंगानुपात सामाजिक समरसता के लिए बड़ा खतरा है।

# भारतीय संस्कृति के अनुरूप विद्यालय में मनाया गया जन्मदिन, बनी प्रेरणा



**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खानखेड़ा में एक सराहनीय पहल के तहत एसएमसी अध्यक्ष बलराम जाट ने अपने बालक का जन्मदिन भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के अनुरूप विद्यालय में मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत मध्यांतर मे बालक द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुई, जिसके पश्चात उसने सभी गुरुजनों एवं बड़ों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया।जन्मदिन के अवसर पर बालक ने संकल्प लिया कि वह मोबाइल से दूरी बनाए रखेगा तथा सदैव बड़ों की आज्ञा का पालन करेगा। इसके बाद एस.एम.सी अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री एवं बिस्किट वितरित किए गए, जिससे पूरे परिसर में समरसता और उत्साह का वातावरण बन गया। शिक्षक दिनेश शर्मा ने कहा कि यदि भारतीय समाज के संस्कारों को सुरक्षित रखना है, तो बच्चों को बाल्यकाल से ही ऐसे संस्कार देना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे घर में भी बच्चों के लिए संस्कारयुक्त वातावरण तैयार करें। प्रधानाध्यापक महावीर सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी ही देश के भावी निर्माता हैं, इसलिए उनमें संस्कारों का विकास करना विद्यालय और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने एसएमसी अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा के साथ यदि संस्कार जोड़े जाएं, तो बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।यह आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ अन्य अभिभावकों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। इस अवसर पर शिक्षक हनुमान सैनी, पिंकी गौतम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोहर चौधरी, सहित ग्रामवासी भोला शंकर जाट, नवरत्न मेघवाल, छीतरलाल मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# जोतायां आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया पोषण पखवाड़ा, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर पोषण की दी जानकारी

टांटोटी। जोतायां ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक पर अष्टम पोषण पखवाड़ा आयोजित किया गया। यह पोषण पखवाड़ा अभियान 9 से 23 अप्रैल तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर की एएनएम ललीता माली एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मौजूद में महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं और छोटे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान ललीता माली एवं आशा सहयोगिनी सीमा खारोल ने बच्चों के शारीरिक विकास के लिए माताओं को संतुलित आहार तथा पोषण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शुरुआती 6 वर्षों की विकास पर केंद्रित रखकर जागरूक करना रहा। उन्होंने बताया कि जन्म से लेकर 6 वर्ष तक की आयु बच्चों में मस्तिष्क के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इस अवधि में उचित पोषण, देखभाल और स्वस्थ वातावरण बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास की मजबूत नीम तैयार करते हैं। इस पोषण पखवाड़े में महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया गया।

# जनावो की ढाणी जेठाना से शौच करने गई विवाहिता नहीं लौटी घर

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** जेठाना ग्राम पंचायत क्षेत्र जनावो की ढाणी निवासी महिला शौच के बहाने घर से निकली जो वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों ने मांगलियावास पुलिस थाना पहुंचकर गुमशुदा की दर्ज करवाई है। जगदीश पुत्र भीकाराम जाति जाट उम्र लगभग 27 वर्ष ने थाने में दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल 2026 को उसकी पत्नी वती देवी उम्र लगभग 33 वर्ष शाम करीब 9:00 बजे पड़ोस में राति जोगा होने पर गीतों में गई थी। रात्रि करीब 1:00 बजे 18 अप्रैल 2026 को वापस घर आकर चप्पल पहन कर हाथ में शौच जाने का डिब्बा लेकर घर से निकली जो सुबह 5:00 बजे तक वापस नहीं लौटी। सभी परिचितों के यहां पूछता करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा। लापता विवाहिता के 5 वर्ष की पुत्री भी है, जिसे वह छोड़कर चली गई। लापता विवाहिता का रंग सांवला, कद 5 फुट, भाषा हिंदी में क्षेत्रीय दोनों बोलती है वही हाथ पर वती देवी गुदा हुआ है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच एएसआई हुकम सिंह को सौंपी है।

# फरार अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा: तीन वारंटी समेत एक दलाल गिरफ्तार

**बिजोलिया (हुक्मनामा समाचार)।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजौलिया थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 19 साल से फरार तीन स्थायी वारंटियों सहित एक साइबर ठगी के दलाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन एवं वृत्ताधिकारी माण्डलगढ़ बाबूलाल विष्णोई के सुपरविजन में थाना प्रभारी बिजौलिया स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।पुलिस टीम ने लूट के पुराने प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे मच्छर सिंह उर्फ कमरु (65), रमेश उर्फ मेसिया (39) और नसरु (42), सभी निवासी कुराडदा थाना गनवानी जिला धार (मध्यप्रदेश) को टांडा के जंगलों से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। वहीं, साइबर धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में पुलिस ने भैरू सोनी (36) निवासी आरोली का झोपड़ा, थाना बिजौलिया को भी गिरफ्तार किया है, जो बैंक खाताधारकों से खाते खरीदकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराता था। इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल विनोद (थाना बडलियास), श्रवण कुमार (थाना माण्डलगढ़) एवं मदनलाल (थाना बिगोद) का विशेष योगदान रहा। टीम में थाना प्रभारी स्वागत पाण्डया के साथ, कांस्टेबल हेमाराम, विनोद, श्रवण कुमार, मदनलाल एवं विश्राम शामिल रहे। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत आगे भी वांछित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दिव्यांग माता-पिता की बेटी बनी RAS अफसर, कुचेरा क्षेत्र की पारुल ने प्रदेश में पाई 59वीं रैंक



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कहते हैं कि मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से नहीं बल्कि हौसलों से उड़ान होती है। इस कहावत को सच कर दिखाया है पारुल मण्डा ने।कुचेरा क्षेत्र के मंडा की ढाणी निवासी पारुल मंडा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में 59वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पारुल की सफलता इसलिए और भी प्रेरणादायक है क्योंकि उनके माता-पिता दोनों 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं। कठिन पारिवारिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद पारुल ने अपने सपनों को टूटने नहीं दिया और लगातार मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया।पारुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग और निरंतर परिश्रम को दिया है। इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी उन्होंने राजस्थान अकाउंट्स सर्विस परीक्षा में 193वीं रैंक हासिल कर चयन प्राप्त किया था।वर्ष 2024 में और अधिक मेहनत व लगन के साथ तैयारी कर पारुल ने अपनी रैंक में बड़ा सुधार किया और अब राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनकर प्रदेश की सेवा करेंगी। पारुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से मंडा की ढाणी सहित पूरे कुचेरा क्षेत्र में खुशी, उत्साह और गर्व का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई तथा पारुल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# डीडवाना में कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न ,87.29 प्रतिशत रही अभ्यर्थियों की उपस्थिति




**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 शनिवार को डीडवाना जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया।जिला मुख्यालय पर इस परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चली इस परीक्षा में जिले भर से आए अभ्यर्थियों ने अपना भाग्य आजमाया। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल 3382 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2952 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 430 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले का कुल उपस्थिति प्रतिशत 87.29% दर्ज किया गया।परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय के नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्रवण कुमार के निर्देशन में पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

प्रत्येक केंद्र पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। परीक्षार्थियों को गहन जाँच बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही केंद्र के भीतर प्रवेश की अनुमति दी गई।द लिटिल स्टार स्कूल यहाँ सबसे अधिक 89.35% उपस्थिति रही।

बालिका ग्रामोत्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल यहाँ 89.58% अभ्यर्थी उपस्थित रहे।विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल यहाँ सबसे ज्यादा 528 अभ्यर्थियों का केंद्र था, जिसमें से 452 उपस्थित हुए।प्रशासन की सक्रियता और सख्त निगरानी के कारण सभी केंद्रों पर परीक्षा बिना किसी अप्रिय घटना या व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने भी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# पेड पर लटका मिला युवक का शव



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** सदर थाना इलाके के बांघसुरी गांव में एक खान के निकट स्थित एक पेड़ पर शनिवार को एक मजदूर का शव लटका मिला सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस सहायक उपनिरीक्षक विमलेश कुमार मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवायाजानकारी के अनुसार मृतक कायाभिला ग्राम पंड्डुचायत जाला की चौकी बर निवासी 21 वर्षीय चेतन पुत्र हेमसिंह था मामले की रिपोर्ट मृतक के पिता हेमसिंह ने दी जिसमें बताया कि मृतक 2 साल से खान पर काम कर रहा था शनिवार सुबह मृतक पेड़ पर रस्सी का फंदा लगा कर खुदकुशी कर ली सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया

**मुख्यमंत्री का पश्चिम बंगाल दौरा**

**कोलकाता में आयोजित राजस्थान प्रवासी सम्मेलन में की शिरकत**

# स्वाभिमान और देशभक्ति हर राजस्थानी के मन में समाहित-भजनलाल शर्मा

**राज्य सरकार 'विकास के साथ विरासत' की भावना को कर रही साकार**

**कोलकाता/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वाभिमान और देशभक्ति हर राजस्थानी के मन में समाहित है। वे देश-दुनिया में कहीं भी चले जाएं सामाजिक सरोकारों से अपना स्थान बना ही लेते हैं। उन्होंने अपनी कर्मभूमि और जन्मभूमि दोनों से गहरा जुड़ाव बनाए रखा है। वे दुनिया के हर हिस्से में अपनी मेहनत, संघर्ष और सफलता से राजस्थान गौरव बढ़ा रहे हैं।

शर्मा पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कोलकाता में आयोजित राजस्थान प्रवासी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के जुड़ाव को और मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन के 40 चैप्टर्स संचालित हैं।

**कालीघाट एवं गोविंदम इस्कॉन मंदिर में किए दर्शन** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पहले कालीघाट मंदिर और गोविंदम इस्कॉन मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने कालीघाट मंदिर में विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री कोलकाता के बेलीगंज स्थित गोविंदम इस्कॉन मंदिर पहुंचे और वहां श्री राधा कृष्ण के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ आत्मीयता से चाय पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन होना सुनिश्चित है। हम सभी को मिलकर भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में विजयी बनाना है। पश्चिम बंगाल की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। अगर पश्चिम बंगाल में भी राजस्थान जैसा विकास चाहते हैं तो भारतीय जनता पार्टी को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के लिए जुट जाएं। पश्चिम बंगाल में भी डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में तीव्र विकास होगा।

इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, संयोजक राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ कुमार लखोटिया, अध्यक्ष राजस्थान फाउंडेशन पश्चिम बंगाल संतोष कुमार पुरोहित, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव लघु उद्योग भारती नरेश पारीक सहित बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### राजस्थान में पर्यटन एवं उद्योग की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास, ऊर्जा, पर्यटन और सामाजिक क्षेत्र में राजस्थान तेजी से उभर रहा है और यह प्रवासी व स्थानीय उद्योगों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। राज्य के खनिज संसाधन तथा प्रदेश के पर्यटन स्थल की विश्व में अपनी पहचान है। यहां की झीलें, किले, हवेलियां, मरुस्थल तथा धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए प्रमुख केन्द्र हैं। हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकास के साथ विरासत' की अवधारणा पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा 662 ऐतिहासिक हवेलियों को संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए चिन्हित किया गया है।

### राजस्थान में हो रहे विकास कार्य

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रदेश में कृषि, बिजली, पानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से हर जिले में सुचारू आपूर्ति के लिए कार्य किया जा रहा है। 24 जिलों में किसानों को अब दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के माध्यम से भी युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर सृजित किए गए हैं।**

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति**

## कृषि उपज मण्डी समितियों में होंगे 21 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्य

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कृषि उपज मण्डी समितियों में सुविधा विस्तार एवं आधारभूत संरचना निर्माण के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डियों में 21 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि उपज मण्डी समिति, चौमहला (झालावाड़), कुचामन सिटी, 'विशिष्ट श्रेणी' बारां, कोटा (अनाज) एवं प्रतापगढ़ में मण्डी यार्ड के निर्माण कार्य एवं विद्युत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। इससे ना केवल कृषि उपज मण्डियों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा बल्कि अन्नदाता एवं व्यापारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## राजस्थान का युवक स्लीपर सेल, आगजनी का मास्टरमाइंड

**जैसलमेर।** राजस्थान-पाकिस्तान बॉर्डर से सिक्योरिटी एजेंसियों ने एक स्लीपर सेल को पकड़ा है। आरोपी विदेशी आकाओं के ऑर्डर से कई देश विरोधी एक्टिविटी कर रहा था। मार्च और अप्रैल में उत्तर प्रदेश में गाड़ियां जलाने जैसी घटनाएं भी इसी के उकसावे पर हुई।एजेंसियों को शक है कि किसी बड़ी साजिश की प्लानिंग कर रहा था। आरोपी राजूराम गोदारा उर्फ सैयद (29) को 24 मार्च की रात भारत-पाक सीमा के पास भारेवाला इलाके से संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर हिरासत में लिया गया था। अब उसने कई चौंकने वाले खुलासे किए हैं।

## साइबर फ्रॉड गैंग के पाकिस्तान-दुबई से कनेक्शन

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** कोटा में साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसके तार पाकिस्तान और दुबई तक जुड़े मिले हैं। पुलिस ने साढ़े 43 लाख रुपए की साइबर ठगी के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 29 एटीएम कार्ड, 13 बैंक पासबुक और करीब 2 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। शुरुआती जांच खुलासा हुआ है कि बदमाश पाकिस्तानी सरगना के कहने पर खातों से ठगी की रकम दुबई में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाती थी, जिससे मामले में इंटरनेशनल कनेक्शन सामने आए हैं। फिलहाल पुलिस बदमाशों से पूछताछ में जुट गई है।गिरफ्तार आरोपी अमजद उर्फ आर्यन ( 21) मूलरूप से बिहार के चंपारण हाल निवासी जहांगीराबाद जिला भोपाल मध्य प्रदेश, राहुल पूर्वी (30), दीपक पूर्वी (20) और विजय कुमार (32) भोपाल, एमपी के रहने वाले हैं। पुलिस ने 16 अप्रैल को चारों बदमाशों को दबिश देकर भोपाल से पकड़ा है।

**ढोल बजाए, मिठाई बांटी**

## पाली के जवाली गांव में पहली बार पहुंची रोडवेज बस

**पाली।** पाली में एक गांव ऐसा भी है जहां देश आजादी के बाद पहली बार शुक्रवार को रोडवेज की बस पहुंची। इस दौरान ढोल बजाए गए। मिठाई बांटी गई और बस के ड्राइवर और कंडक्टर को फूलमालाओं से लाद दिया। महिलाओं ने भी वेलकम किया। दरअसल, रानी उपखंड के जवाली गांव में शुक्रवार को पहली बार रोडवेज एसी बस पहुंची। जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर इस गांव में अब तक बस सेवा नहीं थी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद दो बसें शुरू की गई हैं, जो जोधपुर से रवाना होकर पाली, खोड, जवाली, नाडोल होते हुए उदयपुर तक जाएंगी। इस सुविधा से जवाली, खौड़ सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवाजाही में राहत मिलेगी।

**बस पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत** शुक्रवार को जैसे ही रोडवेज की एसी बस गांव पहुंची, पहले से मौजूद ग्रामीणों ने उसका जोरदार स्वागत किया।

**विदेशी प्रतिभागियों के साथ राजस्थान विधान सभा के सदस्यों की हुई विधायी मसौदे पर चर्चा**

# स्पष्ट व सरल भाषा में जनता की इच्छाएं प्रतिबिंबित करने वाला हो विधायी मसौदा-देवनानी



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कानून निर्माण में विधायी मसौदा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि विधायी मसौदे में स्पष्ट व सरल भाषा में जनता की इच्छाएं प्रतिबिंबित होनी चाहिए। स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में विधेयक को पारित कराने की प्रक्रिया अत्यन्त सावधानीपूर्वक और पारदर्शी तरीके से की जाती है। कानून में सर्वोत्तम गुणवत्ता के सभी पहलुओं का समावेश सुनिश्चित किया जाता है। स्पीकर देवनानी शनिवार को जयपुर राजस्थान विधान सभा में इन्टरनेशनल लेजिस्लेटिव ड्रॉफ्टिंग विषय पर विधायी मसौदा तैयार करने के लिए 37वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग योजना के अन्तर्गत लोकसभा सचिवालय के पार्लियामेन्ट्री रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी द्वारा आयोजित किया गया। देवनानी ने बांग्लादेश, भूटान, घाना, केन्या, लंका, तंजानिया, जाम्बिया सहित 17 देशों के 43 प्रतिभागियों से परिचय किया और उनके साथ सामूहिक चित्र भी कराया।

**राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का सच्चा मंदिर** - स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का सच्चा मंदिर है। यहां सभी का एक साथ विकास करने के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कानून पारित कराये जाते हैं। विधान सभा अपने गौरवशाली स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रही है। राज्य के निर्माण के शुरूआती दिनों से लेकर आज के डिजिटल शासन के युग तक विधान सभा में लाखों लोगों के सपनों को कानून में तब्दील किये गए हैं। 200 सदस्यों वाली राजस्थान विधान सभा जनता की इच्छाओं को प्रतिबिंबित करने का कार्य करती है।

**भारत अमृतकाल के मार्ग पर** - स्पीकर देवनानी ने कहा कि अपनी स्वतंत्रता के 75वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए भारत अब अमृतकाल के मार्ग की ओर अग्रसर है।

### स्पष्ट और सरल भाषा न्याय का सार

स्पीकर देवनानी ने कहा कि किसी भी विधेयक के प्रस्ताव की प्रक्रिया तीन मुख्य चरणों से गुजरती है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में विधेयक सदन में प्रस्तुत किया जाता है। द्वितीय चरण में विधेयक पर गहन चर्चा के साथ मसौदे को बेहतर बनाने के लिए अक्सर विशेष समितियों की मदद से हर पहलू का बारीकी से विश्लेषण कराये जाने के पश्चात सदन मतदान के लिए एकत्रित होता है। देवनानी ने कहा कि कानून को सशक्त, समझने में आसान और वास्तव में जनता के हित में बनाने के लिए सम्पूर्ण प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक सुनिश्चित किया जाता है। स्पष्ट और सरल भाषा का प्रयोग ही न्याय का सार होता है।

## रीको देगा राजस्थान वित्त निगम को 50 करोड़ रुपये का अंश पूंजी सहयोग, 20 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य के औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने एवं राजकीय विभागों की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा रहे हैं।

इसी क्रम में रीको द्वारा राजस्थान वित्त निगम को 50 करोड़ रुपये का अंश पूंजी सहयोग देने की स्वीकृति प्रदान की गई है जो राज्य के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2024-25 की संशोधित बजट घोषणा में राजस्थान वित्त निगम के वित्तीय सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार एवं रीको द्वारा 50-50 करोड़ रुपये की अंश पूंजी के सहयोग की घोषणा की गई थी।

इस घोषणा के अनुरूप रीको के निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने के पश्चात रीको एवं राजस्थान वित्त निगम के मध्य शेयर सब्सक्रिप्शन एग्रीमेंट निष्पादित किया गया है जिसके तहत चरणबद्ध रूप से राशि जारी की जा रही है।

## 26 करोड़ की एफडी और नियुक्तियों में फर्जीवाड़े का आरोप



**उदयपुर।** उदयपुर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था भूपाल नोबल्स (बीएन) संस्थान में विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान संरक्षक (नाथद्वारा विधायक) विश्वराजसिंह मेवाड़ की ओर से गठित एडहॉक कमेटी और पूर्व कार्यकारिणी के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी के चेयरमैन समेत अन्य सदस्यों ने पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों ने फर्जी डिग्री से रिश्तेदारों को नौकरी, 25 करोड़ की स्नष्ठ जाली साइन से तुड़वाकर रुपए हड़पने समेत कई आरोप लगाए है। चेयरमैन डॉ. युवराज सिंह झाला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संस्थान के प्रधान संरक्षक और पूर्व राजपरिवार सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ का एकमात्र उद्देश्य सिस्टम में पारदर्शिता लाना और भ्रष्टाचार को खत्म करना है।

## विपक्ष को सद्बुद्धि दो बाबा, नारी शक्ति विधेयक रोकना महिलाओं का अपमान-मंजू बाघमार



**सीकर।** महिला आरक्षण बिल पर पूरे देश में सियासत गर्म है, इसी बीच राजस्थान सरकार की महिला व बाल विकास और पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार आज सीकर जिले के खाटूश्यामजी पहुंचीं। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम बाबा के दर्शन किए, स्वास्तिक बनाया और मत्था टेककर करीब 4 मिनट तक पूजा-अर्चना की। राज्यमंत्री डॉ. बाघमार ने बाबा श्याम के दर्शन कर देश और प्रदेश के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सेवक परिवार के इंद्र सिंह चौहान ने राज्यमंत्री डॉ. बाघमार का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। वहीं, खाटू पहुंचने पर थानाधिकारी पवन चौबे और पटवारी रोहिताश सेपट ने उनकी अगवानी की। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. मंजू बाघमार ने महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। राज्यमंत्री डॉ. बाघमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विधेयक लाई लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया जो महिलाओं का अपमान है।

## एसआई भर्ती रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम-कोर्ट में याचिका दायर

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ चयनित सब इंसपेक्टर्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। चयनित सब इंस्पेक्टर्स ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन दायर की है। इसमें एसआई भर्ती- 2021 को बरकरार रखने की मांग की गई है।




